आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820



हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास





वर्ष : 5 | अंक : 144 | हापुड़, बुधवार 11 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06


## तत्परता और संवेदनशीलता से हो जनता की समस्याओं का समाधान - सीएम योगी



गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। सीएम ने लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान जल्द किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सभी की समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। सीएम ने सभी को आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा। सभी के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए तत्काल निस्तारण का निर्देश देने के साथ ही सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करा कर शासन को उपलब्ध कराया जाए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही।

उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोवंश को दुलार कर उन्होंने अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश के साथ सीएम योगी स्नेहिल भाव से कुछ देर खेलते भी रहे।

## कर्नाटक के विकास में एसएम कृष्णा का महत्वपूर्ण योगदान - राहुल गांधी



नई दिल्ली । पूर्व विदेश मंत्री एस एम. कृष्णा के निधन पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया है। उन्होंने पूर्व विदेश मंत्री के योगदान को याद करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा- एस एम. कृष्णा के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। उनके दशकों के काम ने कर्नाटक के विकास और बेंगलुरु को एक टेक्नोलॉजिकल हब में बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, पूर्व मुख्यमंत्री एस एम. कृष्णा के निधन से दुखी हूं। केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और नेता के रूप में उनके अद्वितीय योगदान ने एक अमिट छाप छोड़ी है। मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान आईटी-बीटी क्षेत्र में बदलाव लाने में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए कर्नाटक हमेशा उनका ऋणी रहेगा। कृष्णा कांग्रेस पार्टी में मेरे शुरुआती दिनों के दौरान मेरे मार्गदर्शक और संरक्षक थे और हमेशा मेरे शुभचिंतक बने रहे। उनकी दूरदर्शिता, अनुशासित जीवन और दयालु स्वभाव महत्वाकांक्षी राजनेताओं के लिए प्रेरणा है। मैं इस दुख की घड़ी में उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी आत्मा को शांति मिले। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। लिखा कि एस एम. कृष्णा के निधन से बहुत दु:ख हुआ है। वे एक महान राजनेता थे जिन्होंने भारतीय राजनीति और शासन पर अमिट छाप छोड़ी। राजनीति में उनका साठ साल से अधिक का करियर, कर्नाटक के सीएम, भारत के विदेश मंत्री और महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में उनका योगदान राष्ट्र की प्रगति के प्रति उनकी दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय राजनीति के एक दिग्गज, कृष्णा जी का योगदान विशेष रूप से कर्नाटक, विशेष रूप से बेंगलुरु को वैश्विक तकनीकी केंद्र में बदलने में उनकी भूमिका सार्वजनिक सेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रमाण है। उनके परिवार, दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति हार्दिक संवेदना। बैंगलोर विश्वविद्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र एस एम. कृष्णा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। वे एक दूरदर्शी नेता थे, शासन और सार्वजनिक सेवा में उनका योगदान हमारे शैक्षणिक समुदाय के लिए गर्व और प्रेरणा का एक स्थायी स्रोत बना हुआ है।

## काले रंगे के झोले के साथ विपक्षी दलों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन



नई दिल्ली । विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर मंगलवार को काले रंगे के झोले लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कुछ अन्य दलों के सांसदों ने संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट एकत्र होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और जवाबदेही तय किए जाने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। विपक्षी सदस्यों ने 'मोदी अदाणी एक हैं' और 'प्रधानमंत्री सदन में आओ, प्रधानमंत्री जवाब दो' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने काले रंग के झोले ले रखे थे उन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी की तस्वीर थी तथा 'मोदी अदाणी भाई भाई' लिखा हुआ था। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी इस विरोध प्रदर्शन से दूर रहीं। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि 'इंडिया' गठबंधन बिखर गया है। हालांकि सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव का कहना है कि गठबंधन में सबकुछ ठीक है। विरोध प्रदर्शन से पहले राहुल गांधी ने लोकसभा के कांग्रेस सदस्यों के साथ बैठक कर संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र की रणनीति पर चर्चा की। रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी और कंपनी के अन्य अधिकारियों पर अमेरिकी अभियोजकों द्वारा अभियोग लगाए जाने के बाद कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति से आरोपों की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में इस मामले को लेकर उद्योगपति गौतम अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। अदाणी समूह ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है।

## जनता के मुद्दों पर सरकार संसद में नहीं चाहती चर्चा - प्रियंका



नई दिल्ली, । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार संसद में जनता के मुद्दों को उठाने से परहेज करती है, इसलिए भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं होती।श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए आज यहां कहा कि सरकार नहीं चाहती है कि जनता से जुड़े मुद्दे सदन में उठाई जाए। सरकार जनता के सवालों से भागना चाहती है, इसलिए संसद में किसी मुद्दे पर चर्चा नहीं कराना चाहती। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार नहीं चाहती कि संसद में मोडानी महाघोटाला, गिरती अर्थव्यवस्था, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मणिपुर में अशांति पर चर्चा हो। अडानी के भ्रष्टाचार की वजह से जनता को बड़े-बड़े बिल चुकाने पड़ रहे हैं। चर्चा और सवालों से भागने के लिए भाजपा सरकार ऐसे झूठ का सहारा ले रही है जिसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खंडन हो रहा है। संसद में जनता के मुद्दों पर चर्चा से इतना डर क्यों। भाजपा क्यों नहीं चाहती कि जनता के मुद्दों पर सदन में चर्चा हो।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार कहा- रोजगार पर ध्यान क्यों नहीं है कब तक मुफ्त में राशन बांटोगे

नई दिल्ली । रोजगार के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जमकर फटकार लगाई। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि मुफ्त में राशन बांटना कोई समाधान नहीं है। बेहतर होगा की श्रमिकों और युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के विकल्प खोजे जाएं। मुफ्त की रेवडियों से किसी का भला होने वाला नहीं है। सीधे तौर पर प्रवासी मजदूरों से जुड़े एक मामले में वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि ई-श्रमिक पोर्टल पर पंजीकृत मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त राशन देने के बजाय हमें इन मजदूरों के लिए रोजगार के मौके और कौशल निर्माण पर काम करना चाहिए। कोर्ट ने कहा, फ्रीबीज़ कब तक दिए जाएंगे? क्यों न हम इन प्रवासी मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर, रोजगार और क्षमता निर्माण पर काम करें? कोर्ट ने जोर देते हुए कहा कि राशन का वितरण एक अस्थायी समाधान हो सकता है, जबकि रोजगार और कौशल विकास से एक स्थायी समाधान मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने सरकारों द्वारा मुफ्त सुविधाओं की वितरण नीति पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी, और यह भी कि क्या अब समय नहीं आ गया है कि सरकारें रोजगार के अवसरों पर ध्यान दें। कोर्ट ने खासकर कोविड महामारी के बाद प्रवासी मजदूरों को दी जा रही मुफ्त राशन की सुविधा को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि इस समस्या का स्थायी समाधान रोजगार के अवसरों के निर्माण और कौशल विकास में है। कोर्ट ने इस बात पर भी टिप्पणी की कि यदि राज्य सरकारों को आदेश दिया जाता है कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, तो वे इसे केंद्र सरकार की जिम्मेदारी मानते हुए कार्रवाई करने से बच सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, जैसे ही हम राज्यों को आदेश देंगे कि वे सभी प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन दें, कोई भी यहां नहीं दिखाई देगा। वे भाग जाएंगे। राज्यों को यह पता है कि यह जिम्मेदारी केंद्र की है, इसीलिए वे राशन कार्ड जारी कर सकते हैं। वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि केंद्र अभी भी 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर निर्भर है, जबकि 2021 की जनगणना होनी चाहिए थी। उनका कहना था कि इससे प्रवासी मजदूरों की सही संख्या और उनकी वास्तविक जरूरतों का पता नहीं चल पा रहा है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर कहा, हम केंद्र और राज्यों के बीच मतभेद नहीं पैदा करें, क्योंकि ऐसा करने से स्थिति और भी जटिल हो जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि वे प्रवासी मजदूरों के लिए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करें। इस प्रक्रिया से मजदूरों को केंद्र की मुफ्त राशन योजनाओं का लाभ मिलेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकारों को अपनी जिम्मेदारियों से भागने की बजाय प्रवासी मजदूरों के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने पर ध्यान देना चाहिए।

## साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकार के लिए हैं नये खतरे- राष्ट्रपति मुर्मू



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि अब तक मानवाधिकारों पर विमर्श 'मानव' पर केंद्रित रहा है क्योंकि उल्लंघनकर्ता को मानव माना जाता है लेकिन कृत्रिम मेधा (एआई) के हमारे जीवन में प्रवेश करने के साथ, 'अपराधी कोई गैर-मानव' लेकिन एक बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। मानवाधिकार दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि साइबर अपराध एवं जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (यूडीएचआर) के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसे 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया और घोषित किया गया था। यूडीएचआर मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक मानक के रूप में कार्य करता है। मुर्मू ने कहा, ''जब हम भविष्य की तरफ बढ़ रहे हैं तो हमारे सामने नई उभरती चुनौतियां पेश हो रही हैं। साइबर अपराध, जलवायु परिवर्तन मानवाधिकारों के लिए नए खतरे हैं। उन्होंने कहा कि 'डिजिटल युग' परिवर्तनकारी तो है लेकिन इसके साथ साइबर अपराध, 'डीप फेक', गोपनीयता की चिंता और गलत सूचना का प्रसार जैसे जटिल मुद्दे भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा, ''इन चुनौतियों से एक ऐसे सुरक्षित एवं समान डिजिटल माहौल की महत्ता रेखांकित होती है जो सभी के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करे। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में एआई और मानव जीवन पर उसके प्रभाव के पहलू पर भी बात की। उन्होंने कहा, ''कृत्रिम मेधा अब हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में कदम रख चुकी है और वह कई समस्याओं का समाधान कर रही है लेकिन कई नई समस्याएं खड़ी भी कर रही है।'' उन्होंने कहा कि अब तक मानवाधिकारों पर विमर्श 'मानव एजेंसी पर केंद्रित' रहा है क्योंकि उल्लंघनकर्ता को मानव माना जाता है जिसमें 'करूणा, अपराध बोध जैसी विविध मानवीय संवेदनाए होती हैं।' मुर्मू ने कहा कि लेकिन एआई के आने से, 'अपराधी कोई गैर-मानव' लेकिन एक बुद्धिमान एजेंट हो सकता है। उन्होंने कहा, ''मैं यह विषय आपके विचारार्थ छोड़ती हूं।'' राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मामला भी हमें वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की सोच पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करता है।

## समय के अनुरूप खुद को तैयार नहीं करने वाले पीछे छूट जाते हैं - सीएम योगी



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता है, उसका प्रवाह निरंतर चलता रहता है, इसलिए हमें खुद को समय की धारा के अनुरूप तैयार करना होगा। समय के अनुरूप सोचने और चलने की आदत डालनी होगी। समय के अनुरूप खुद को तैयार नहीं कर पाने वाले पिछड़कर पिछलग्गू हो जाते हैं। सीएम योगी मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम समय के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को जोड़ते हुए टीम भावना के साथ समाज और देश हित के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। जब सामूहिकता की भावना और टीम वर्क से प्रयास किए जाएंगे तो परिणाम भी उसी के अनुरूप सार्थक आएंगे। परिणाम ही प्रयास और तैयारी के स्तर का वास्तविक परिचय देता है। टीम वर्क और परिणाम के बीच साम्य को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की सफलता का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का बचपन इंसेफेलाइटिस के दुष्चक्र में 1977 से लेकर 40 साल तक फंसा रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत हो गई। पहले उपचार की व्यवस्था नहीं थी। उपचार की व्यवस्था हुई, वैक्सीन आया तो वायरस ने अपना नेचर चेंज कर लिया। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो प्रदेश और केंद्र सरकार ने टीम भावना के साथ, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ और अन्य संगठनों के सहयोग तथा सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय से मिलकर लड़ाई लड़ी। इसका परिणाम रहा कि 40 साल की समस्या का समाधान 2 साल में हो गया। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की सफलता कठिन चुनौतियों का सामना करने से लेकर टीम भावना से परिणाम प्राप्त करने की यात्रा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने आज की पीढ़ी के मोबाइल फोन के इस्तेमाल में अत्यधिक समय बिताने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल के उपयोग में अनावश्यक अत्यधिक समय बिताने से बचे। अपना समय प्रकृति के बीच, रचनात्मक कार्यों, अध्ययन और कौशल विकास की गतिविधियों में बिताएं। हमें यह ध्यान रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से संचालित न हों। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के जीवन से सीख लेने की बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी रुचि के अनुसार लीक से हटकर कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। यह क्षेत्र समाज सेवा, सामाजिक चेतना, महिला एवं बाल उत्थान, अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन या समाज से जुड़ा कुछ भी हो सकता है। हम किसी भी एक क्षेत्र को चुनकर आगे बढ़ सकते हैं। अपने क्षेत्र में, रुचि के अनुसार ईमानदारी और कठिन परिश्रम से कार्य करेंगे तो परिणाम अवश्य आएगा। जीवन शॉर्टकट का मार्ग नहीं है। जीवन में सफलता के सतत प्रवाह के लिए परिश्रम और ईमानदारी का कोई विकल्प नहीं है। यदि जीवन में अधूरी तैयारी होगी, विजन और एक्शन नहीं होगा तो कन्फ्यूजन की स्थिति बनी रहेगी। जीवन का उद्देश्य सिर्फ डिग्री और नौकरी हासिल करना नहीं हो सकता। जीवन का उद्देश्य विराट होना चाहिए। यदि हम विजन के अनुरूप निष्ठा और ईमानदारी से प्रयास करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने यही साबित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात समाज सुधारक और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज ही के दिन दस वर्ष पूर्व उन्हें दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। कैलाश सत्यार्थी का जीवन प्रत्येक क्षेत्र के लोगों के लिए प्रेरक है, खासकर उन युवाओं के लिए जो किन्हीं कारणों से असमंजस की स्थिति में रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए 92 वर्षों से निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था और नागरिकों के मन में असमंजस की स्थिति थी, तब युवाओं में देश हित और स्वाभिमान की भावना को जगाने के लिए 1932 में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। देश और स्वाभिमान की प्रेरणा के प्रतीक महाराणा प्रताप के त्याग और बलिदान को केंद्र में रखकर राष्ट्रवादी शिक्षा का कार्य प्रारंभ किया। आज यह परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रवादी शिक्षा की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाते हुए सेवारत है। संस्थापक सप्ताह के मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की उत्कृष्ट संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। मंच से 200 पुरस्कार वितरित किए गए। करीब 800 पुरस्कार संस्थाओं के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। संस्थापक समारोह के मुख्य महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ में शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष शिप्रा सिंह की पुस्तक 'शिक्षा की भारतीय अवधारणा' का विमोचन भी किया गया।

## संपादकीय

# इन पांच लोगों को खिलाएं खाना, रहेगी स्थिर लक्ष्मी



हमारें जीवन में कई उतार चढ़ाव आते है जिससे की लोग बहुत दुखी होते है और कुछ लोग उस समस्या का निजात निकाल कर उससे निकल जाते है। इस दुनिया में बहुत कम लोग है जो अपने जीवन से खुशी है। किसी न किसी को की न कोई समस्या है। अमीर के पास धन होते हुए भी और धन की ललसा और एक गरीब के पास धन न होते हुए सिर्फ पेट की भुख मिटाने तकी ललसा। हम माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए क्या नही करते है। तरह-तरह के उपाय अपनाते है जिससे कि माता लक्ष्मी हमारे घर से कभी न जाएं। हिंदू धर्म के शास्त्रों में कई ऐसे उपाय बताए गें है जिनका आमरण करे तो हम सफलता ही हर ऊचांई को छूते चले जाएगे। शास्त्रों में दी गई बातें हमें कभी निराश नही कर सकती है। इसी प्रकार शास्त्रों में भोजन के बारें में की बातें बताई गई है। इसके अनुसार जब भोजन करते है तो उससे पहले हमें इन लोगों के लिए भोजन जरूर निकालना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से माता लक्ष्मी हमारें घर से कभी नही जाएगा। एक उपाय तो ये है कि हम अपनी मेहनत से और स्वयं की समझदारी से इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें और दूसरा उपाय यह है कि हम धार्मिक कर्म करें। शास्त्रों में पांच लोग ऐसे बताए गए हैं, जिन्हें खाना खिलाने से हमारे जीवन की सभी समस्याएं दूर हो सकती हैं। जानिए वह कौन पांच लोग है। जिससे आपको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होगी। किन लोगों को खिलाना चाहिए खाना गाय को खिलाएं रोटी हिंदू धर्म में गाय को माता समान माना जाता है। यह पुज्नीय भी है। हमारें शास्त्रों में कहा गया है कि जब भी हम खाना बनाएं उसके बाद सबसे पहले एक रोटी गाय को खिलाएं। माना जाता है कि अगर कोई व्यक्ति किसी गाय को रोटी या हरी घास रोज खिलाता है तो उसे जल्द ही कोई अच्छा फल मिलता है साथ ही कई गुना पुण्य भी मिलता है। साथ ही कुंडली में लगे कई दोष ही शांत हो जाते है। और घर में माता लक्ष्मी का वास हो जाता है। इसलिए एक रोटी जरुर खिलाना चाहिए। कुत्तें को खिलाएं रोटी अगर आपको अपने शत्रु का भय सता रहा हो जिसके कारण आप उससे डर कर रह रहे है। तो रोज एक रोटी कुत्ते को खिलाएं। इससे आपका शत्रु का भय खत्म हो जाएगा। और आप निडर हो कर रह सकेगे। साथ ही अगरा पकी कुंडली में शनि का दोष है तो शिवार के दिन काले रंग के कुत्तें को रोटी खिलाएं। इससे आपको जल्द फायदा मिलेगा। और शनि दोष शांत होगा। माता लक्ष्मी आपके घर हमेशा के लिए आ जाएगी। मछली को खिलाएं आटे की गोली शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि अगर आपकी पुरानी संपत्ति हाथ से निकल गई हो या फिर कोई मुल्यवान चीज खो गई हो तो रोज तालाब या नदी में जाकर मछलियों को आटे की गोलियां बनाकर खिलाएं। ऐसा करने से आपकी पुरानी संपत्ति वापस मिल जाएगी। साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। जिसके कारण आपके घर में कभी भी धन की कमी नही होगी। साथ ही आपको अक्षय पुण्य की प्राप्त होगा। चीटियों को डालें आटा अगर आप बहुत ज्यादा परेशान है। आपको हर काम में असफलता मिल रही है जिसके कारण आप कर्ज में डूबते चले जा रहे है। जिसके कारण आप तनाव में चले जाते है। शास्त्रों में माना जाता है कि अगर आप अपने घर में निकलने वाली चीटियों को आटा या चीनी डालेगे। जो इससे आपको अधिक फायदा होगा। इससे हमें सभी कर्ज से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही घर में कभी भी धन की कमी नही होगी। पक्षियों को खिलाएं अनाज शास्त्रों के अनुसार माना गया है कि अगर आपके घर में आर्थिक लाभ न हो रहा हो। हर काम में असफलता प्राप्त हो रही हो तो इस समस्या से निजात आपको पक्षी दिला सकते है। इसके लिए रोज पक्षियों को दाना डालें जिससे महालक्ष्मी की कृपा आप पर बनी रहेगी। और काम में आपको सफलता प्राप्त होगी।

# हनी सिंह के जीवन पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म यो यो हनी सिंह फेमस का ट्रेलर रिलीज



मुंबई । जानेमाने रैपर-सिंगर यो यो हनी सिंह के जीवन पर बनीं डॉक्यूमेंट्री फिल्म यो यो हनी सिंह फेमस का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नेटफ्लिक्स ने रैपर यो यो हनी सिंह पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म %यो यो हनी सिंह फेमस% का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।मोजेज सिंह के निर्देशन में सिख्या एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म हनी सिंह के जीवन पर प्रकाश डालेगी। हनी सिंह ने साझा किया, सालों से, मीडिया में मेरे बारे में अनगिनत अटकलें लगाई जाती रही हैं, और मैंने कभी भी अपनी कहानी का पक्ष साझा नहीं किया। यह डॉक्यूमेंट्री मेरी कहानी बताने का सही अवसर है। मेरे प्रशंसक हमेशा मेरे साथ खड़े रहे हैं, मेरी अनुपस्थिति में भी, और इसके लिए मैं हमेशा उनका आभारी रहूँगा। नेटफ्लिक्स पर यह डॉक्यूमेंट्री-फिल्म स्पॉटलाइट से परे जाकर मुझे असली रूप में दिखाती है। उतार-चढ़ाव और बीच की हर चीज़। मैं आखिरकार अपनी यात्रा को दुनिया के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं। सिख्या एंटरटेनमेंट के निर्माता गुनीत मोंगा कपूर और अचिन जैन ने कहा, यो यो हनी सिंह जैसे रंगीन करियर को डॉक्यूमेंट करना नेटफ्लिक्स के साथ-साथ हमारे क्रू के लिए बेहद यादगार यात्रा रही है, यह जानना दिलचस्प था कि हम स्टेज नाम के पीछे के असली व्यक्ति के बारे में कितना कम जानते थे।एक डॉक्यूमेंट्री-फिल्म की भावना के अनुरूप, हम भारत के सबसे प्रिय संगीत आइकन में से एक की यात्रा के अनकहे पहलुओं को साझा करने के लिए उत्साहित हैं ।शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसने उनके कम से कम एक गाने पर डांस न किया हो, और अब समय आ गया है कि हम उन्हें बिना किसी फ़िल्टर के असली रूप में जानें। हम मोज़ेज़ सिंह के साथ सहयोग करके रोमांचित हैं, जो संगीत के निर्विवाद बादशाह के जीवन की एक अनफ़िल्टर्ड झलक दिखाने के लिए अपनी दृष्टि और सहानुभूति लेकर आते हैंदर्शकों को भारत की सबसे ज़्यादा सुनी जाने वाली आवाज़ के पीछे की असली कहानी से परिचित कराते हैं। निर्देशक मोजेज सिंह ने कहा, यह फिल्म बनाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हनी ने मुझे अपनी जिंदगी में अभूतपूर्व पहुंच दी है और यह तथ्य कि उन्होंने अपनी कहानी मुझ पर भरोसा करके बताई है, मेरे लिए न केवल एक फिल्म निर्माता के रूप में बल्कि एक इंसान के रूप में भी सच्चाई का एक वास्तविक क्षण है।मुझे उम्मीद है कि दुनिया इसे देखना उतना ही पसंद करेगी जितना मुझे इसे बनाना पसंद आया है। और अंत में, इस अवसर के लिए नेटफ्लिक्स और सिख्या को और मेरे विजन का समर्थन करने के लिए मेरी संपादक दीपा भाटिया को बहुत-बहुत धन्यवाद। यो यो हनी सिंह- फेमस का प्रीमियर 20 दिसंबर को, विशेष रूप से नेटफ्लिक्स पर होगा।

# फिल्म वनवास का नया गाना गीली माचिस रिलीज




मुंबई । अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म वनवास का नया गाना गीली माचिस रिलीज हो गया है। वनवास एक इमोशनल फैमिली ड्रामा है, जो रामायण की कहानी को एक नए और मॉडर्न अंदाज में पेश करता है। फिल्म में बच्चों द्वारा अपने माता-पिता को वनवास भेजने की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाई गई है, जो आज के दौर से जुड़ती है। फिल्म वनवास की रिलीज से पहले मेकर्स ने इसका मजेदार गाना गीली माचिस रिलीज किया है।मेकर्स ने इस पैपी सॉन्ग को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, ये वक्त है झूमने का! #गीलीमाचिस , ऑउट नाउ! अनिल शर्मा पहले भी गदर- एक प्रेम कथा और गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में जी स्टूडियोज के साथ काम कर चुके हैं। अब ये टीम अपनी तीसरी फिल्म वनवास के साथ एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने की तैयारी कर रही है। अनिल शर्मा लिखित , निर्मित और निर्देशित फिल्म वनवास को 20 दिसंबर को सिनेमाघरों रिलीज़ किया जाएगा। ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा वर्ल्डवाइड रिलीज की जाने वाली इस फिल्म में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर लीड रोल में नज़र आएंगे।

# राज कपूर 100वीं जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित करने दिल्ली रवाना हुआ कपूर परिवार





मुंबई । हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता राज कपूर 100वीं जयंती पर बेहद खास कार्यक्रम होने वाला है। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करने के लिए पूरा कपूर परिवार मंगलवार को दिल्ली के लिए रवाना हुआ है।

रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, नीतू कपूर, करीना कपूर, सैफ अली खान, आदर जैन कलिना एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। सभी पारंपरिक पोशाक में दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। आरके फिल्म्स ने फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, एनएफडीसीएस एनएफएआई और सिनेमाज के साथ मिलकर एक महोत्सव का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम 13 से 15 दिसंबर तक तीन दिनों तक चलेगा। राज कपूर की 10 फिल्में 40 शहरों के 135 सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएंगी। इन फिल्मों की टिकट की कीमत सिर्फ 100 रुपये होगी। पीवीआर-इनॉक्स और सिनेपोलिस में प्रदर्शित की जाने वाली फिल्मों में आग, बरसात, आवारा, श्री 420, जागते रहो, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, मेरा नाम जोकर, बॉबी प्रीमियम हॉल्स और राम तेरी गंगा मैली शामिल हैं। कपूर परिवार के कलिना एयरपोर्ट पर पहुंचने के वीडियो अब वायरल हो रहे हैं। आलिया भट्ट लाल रंग की साड़ी पहने हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं। रणबीर सूट-बूट में डैशिंग लग रहे हैं। करीना कपूर ने लाल रंग की ड्रेस पहनी हुई है। सैफ अली खान ने सफेद कुर्ता, पैंट और जैकेट पहने हुए हैं। राज कपूर ने अपने 50 साल के फिल्मी करियर में कई दमदार फिल्में की हैं। सिनेमा युग में उनके योगदान के लिए उन्हें 3 राष्ट्रीय पुरस्कार, 11 फिल्मफेयर पुरस्कार, पद्म भूषण और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

# 11 दिसंबर 2024 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.02 प्रात-
सूर्यास्त- 05.38 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 02.17 दोपहर
चंद्र अस्त- 03.30 सायंकाल
चंद्रमा- प्रात- 11.48 उपरांत मेष राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-10 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-26 पक्ष- शुक्ल पक्ष 11, तिथि-एकादशी प्रात- 01.09 तक बाद में द्वादशी,नक्षत्र-रेवती प्रात- 11.47 तक बाद में अश्विनी,योग-वरीयान साय- 06.47 तक बाद में परिघ, करण-वणिज दोपहर- 02.28 तक बाद में विष्टी प्रात- 01.09 तक बाद में बव,राहु काल दोपहर- 12.00 से 1.30 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक यमगंड प्रात- 07.30 से 09.00 बजे तक, दुमुहूर्त प्रात- 11.58 से 12.41 तक अमृत काल-प्रात- 09.34 से 11.03 तक व 03.15 से 04.43 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.26 से 06.14 तक।

## आज 11 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष-रिश्ता जल्दी में तय ना करें, इलेक्ट्रोनिक मीडिया में करियर का प्रयास करेंगे,अनैतिक कार्य से बड़ी आमदनी करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-60

वृषभ-फ्लेट का पजेशन मिलने में समस्या सम्भव है, ससुराल पक्ष के लोग बातचीत करने बुलाए तो जाए, किसी योजना में धन ना लगाएं फंस सकता है।
भाग्य प्रतिशत-49

मिथुन- नौकरी करें या छोड़े असमंजस में रह सकते है, भले लोगों से सहयोग मिलेगा, वजन किसी कारण से कम हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-52

कर्क- उच्च वर्ग के लोगों के साथ उठबैठ रहेगी, दादा की बनी सम्पत्ति प्राप्त हो सकती है, काम का प्रबंधन अच्छे से करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-72

सिंह- दिया हुआ पैसा वायदा के बाद भी प्राप्त नहीं होगा, पेंट के व्यवसाय में थोड़ी मंदी लगेगी, लोहा,ग्रिल बनाना कार्य चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-57

कन्या- जॉब में मुश्किल आ सकती है,अपनी कमियों पर भी कार्य करें, पत्नी उपासना, व्रत, शुरू करे तो उत्तम रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-56

तुला- कार्यक्षेत्र में बहुत चीजों को बैलेन्स करना पड़ेगा, अनावश्यक जिम्मेदारी मिले तो ध्यान रखें, विदेश जाने की इच्छा पर पानी फिर सकता है।
भाग्य प्रतिशत-48

वृश्चिक- बोल्ड रहकर कार्य करेंगे फिर कोई आपको जैसा समझे, पब्लिक से समबन्ध प्रभावित हो सकते है, राजनीति में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-53

धनु- जो भी धन मिले उसे जाया ना करे जोड़े, किसी गम्भीर बीमारी या कमी का पता चल सकता है, भय रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-47

मकर- स्वयं को साबित करना चाहेंगे, आर्मी, पुलिस जोखिम भरे क्षेत्र में जाने की तैयारी कर सकते है, इलेक्ट्रिकल कार्य मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-60

कुम्भ- किसी डिग्री में दाखिला लेकर अब छोड़ने की इच्छा होगी, पति मेडिसीन कार्य में है तो बाहर जाएंगे, संतान को चिकित्सक के दिखा सकते हैं।
भाग्य प्रतिशत-54

मीन-तेज दिमाग रखें, आत्मविश्वास बना कर रखे, बहनो के घर कुछ शुभ होगा, जिस काम का विचार करे उस पर अडिग रहे।
भाग्य प्रतिशत-53

# सर्राफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 160 रुपये से लेकर 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत बढ़ कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती नजर आ रही है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मामूली बढ़त के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार में कुछ देर के लिए मामूली गिरावट भी आई, लेकिन उसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने दोबारा हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंफोसिस, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, विप्रो और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.92 प्रतिशत से लेकर 1.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर भारतीय एयरटेल, ट्रेंट लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, ओएनजीसी और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 1.04 प्रतिशत से लेकर 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,377 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,220 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,157 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 14 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 24 शेयर हरे निशान में और 26 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 67.50 अंक की मामूली बढ़त के साथ 81,575.96 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 81,416.56 अंक तक पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर में ही खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने हरे निशान में वापसी कर ली। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10-15 बजे सेंसेक्स 125.89 अंक उछल कर 81,634.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 33.65 अंक की तेजी के साथ 24,652.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक कुछ मिनट के लिए लाल निशान में 24,593.25 अंक के स्तर तक गिर गया। हालांकि इसके बाद लिवालों ने खरीदारी शुरू कर दी, जिससे ये सूचकांक वापस हरे निशान में पहुंच कर कारोबार करने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10-15 बजे निफ्टी 37.35 अंक की मजबूती के साथ 24,656.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 200.66 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8 1,508.46 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 58.80 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,619 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

# आमिर ने की 'सितारे ज़मीन पर' के बारे में बड़ी घोषणा



मुंबई । अभिनेता आमिर खान ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सितारे ज़मीन पर' के बारे में बड़ी घोषणा की है। आमिर ने सऊदी अरब के जेद्दा में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान जानकारी दी कि पहले यह फिल्म 2024 के क्रिसमस पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे 2025 के मध्य तक सिनेमाघरों में लाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि फिल्म इस महीने के अंत तक पोस्ट-प्रोडक्शन में जाएगी। 'सितारे ज़मीन पर' को 2007 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तारे ज़मीन पर' का आध्यात्मिक सीक्वल बताया जा रहा है। हालांकि, इसमें पूरी तरह नए किरदार और कथानक होंगे। आमिर खान ने कहा, यह फिल्म 'तारे ज़मीन पर' की भावनाओं और संदेश को आगे बढ़ाती है। जहां पिछली फिल्म ने बच्चों में छिपी अनोखी प्रतिभा और उनकी कमजोरियों को समझने की बात की थी, वहीं 'सितारे ज़मीन पर' उन विचारों को और गहराई से पेश करेगी। यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने और उन्हें प्रेरित करने का वादा करती है। आमिर ने इस बात पर जोर दिया कि 'तारे ज़मीन पर' ने बहु-बुद्धि की अवधारणा और समाज में दूसरों को जल्दी से आंकने की प्रवृत्ति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया था। नई फिल्म इन्हीं मूल विचारों को और विस्तार देगी। आमिर ने कहा, हम सभी में कमजोरियां होती हैं, लेकिन साथ ही हमारे अंदर ऐसी खूबियां भी होती हैं जो हमें खास बनाती हैं। 'सितारे ज़मीन पर' इन्हीं पहलुओं को और गहराई से दिखाएगी। 2007 की फिल्म 'तारे ज़मीन पर' में आठ साल के ईशान की कहानी दिखाई गई थी, जो डिस्लेक्सिया जैसी समस्या से जूझता है। फिल्म में आमिर ने कला शिक्षक की भूमिका निभाई थी, जो बच्चे को उसकी वास्तविक क्षमता का एहसास कराता है। इस फिल्म ने दर्शकों और आलोचकों दोनों का दिल जीता और इसे राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। आमिर खान को आखिरी बार 2022 में 'लाल सिंह चड्ढा' में देखा गया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसके बाद आमिर ने अभिनय से ब्रेक लेकर खुद को 'सितारे ज़मीन पर' के निर्माण और निर्देशन में पूरी तरह झोंक दिया। फिल्म से दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# मार्गशीर्ष महीने में यज्ञशाला परिसर में आकर मानव जीवन को सफल बनाएं



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। अहमदगढ़ डिबाई तहसील क्षेत्र के खुदादिया निवासी धनेश कुमार मीणा पुत्र भीकम सिंह मीणा के प्लाट प्रांगण में अयोध्यादास टाटिया बाबा के सौजन्य से दो दिन से चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में भक्तगण व दर्जनों महिला-पुरुष पहुंचे। महायज्ञ के यज्ञाचार्य राजेश रामानुजाचार्य महाराज ने बताया कि सुबह पांच बजे से अनेक स्तोत्रों का पाठ उसके बाद वेदी पूजन और दोपहर साढ़े बारह बजे हवन उसके दोपहर बाद ढाई बजे से साढ़े पांच बजे हवन में यज्ञनारायण की परिक्रमा किसी भी कामना से हर इच्छा पूरी करे।यज्ञ की दर्शन परिक्रमा सभी आसपास के ग्राम वासी मार्गशीर्ष महीने में यज्ञशाला परिसर में आकर मानव जीवन को सफल बनाएं। इस मौके पर भक्तगण एवं दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# अमरसिंह महाविद्यालय लखावटी में दो दिवसीय शूटिंग चैम्पियनशिप शुरूजिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। औरंगाबाद बुलंदशहर राजेंद्र अग्रवाल अमरसिंह महाविद्यालय लखावटी में मंगलवार को दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालय शूटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव उत्पन्न होता है। खेलों को खेल भावना से खेलने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इससे पूर्व जिलाधिकारी के विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ राजेंद्र कुमार ने माल्यार्पण कर बुके भेंट कर मुख्य अतिथि का भाव भीना स्वागत सत्कार किया। आगंतुक अतिथियों को सम्मानित करते हुए स्वागत सत्कार किया गया। क्रीड़ा सचिव प्रोफेसर भीष्म सिंह ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने आए सभी 41 महाविद्यालयों के, टीम मैनेजर और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विजय श्री की कामना की। प्रतियोगिता में 10 मीटर पिस्टल, 10 मीटर एयर राइफल 25 मीटर एयर राइफल एवं पिस्टल आदि विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो के डी वर्मा, प्रो हरेंद्र सिंह प्रो एके शर्मा प्रो निशा चौधरी प्रो आर के सिंह डा रामजी द्विवेदी नवीन कुमार डॉ देवी बाला पाठक पंकज कुमार डॉ दुष्यंत कुमार तरुण कुमार दाहिया भूपेंद्र कुमार अभय श्रीवास्तव पुष्पेन्द्र मलिक अरुण कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्षा ने कहा कि गोधरा कांड की सच्चाई इस फिल्म के माध्यम से आई सबके सामने



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। जिला पंचायत सभागार में अध्यक्ष जिला पंचायत डॉ अंतुल तेवतिया ने ज़िला पंचायत के सम्मानित सदस्य गण,अपर मुख्य अधिकारी व ज़िला पंचायत के स्टॉफ के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत डॉ अंतुल तेवतिया द्वारा कहा गया कि फ़िल्म के माध्यम से गोधरा कांड की सच्चाई सबके सामने आई है। सच्चाई को अंधकार में दबाकर नहीं रखा जा सकता। दुर्भाग्य यह है कि इस सच्चाई को सामने आने में 22 साल से अधिक लग गए। इस अवसर पर सुधीर शर्मा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी ,नाहर सिंह, सोनू लोधी, संतपाल मसीता, डॉ मांगेराम सूर्यवंशी, ओंकार सिंह आदि जिला पंचायत सदस्य व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकारों की संवेदनशीलता कहां खो गई, आखिर क्यों सादे हुए चुप्पी -जगतपाल सिंह

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय और मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों पर तथा कथित बुद्धिजीवी चुप्पी सादे नजर आते है,इंसानियत और मानवता के साथ जो बांग्लादेश में हो रहा है वह समाज के हर चिंतन करने वाले और संवेदनशील व्यक्ति के लिए दुख और चिंता का विषय है इस प्रकार की घटनाओं पर सत्ता और विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर कदम उठाने चाहिए इस प्रकार की घटनाएं राजनीतिक चश्मे से नहीं देखनी चाहिए अफसोस यह है कि देश में किसी समुदाय पर हमले को लेकर भारत में आक्रोश व्यक्त करने वाले पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश पर मौन है जबकि इंसानियत रहती है कि क्या हम पहचान देखकर आवाज उठाएंगे ऐसा नहीं होना चाहिए हम किसी भी विचार को मानते लेकिन इंसानियत यही सिखाती है कि दूसरों के प्रति भी संवेदनशील बने हैं आज अंतरराष्ट्रीय



स्तर पर मानव अधिकारों और न ही अल्पसंख्यक हितों की बात हो रही है। जबकि हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर आवाज उठानी चाहिए भारत की तरफ से भी कोई ठोस प्रतिक्रिया होती नजर नहीं आ रही कुछ संगठन है जो इस बात को उठा रहे हैं और यह उठनी भी चाहिए क्योंकि विश्व में भारतीय संस्कृति और भारतीय अध्यात्म यह दर्शाता और बताता है कि विश्व एक परिवार है और मानवता इंसानियत के साथ सबको जीवन जीने का अधिकार है बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक है किसी भी देश में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक धर्म के लोग हो सकते हैं और उनको अपनी पूजा पद्धति और धार्मिक स्थलों बनाने और सुरक्षित रखने का अधिकार है बहुसंख्यकोका अल्पसंख्यकों के साथ इस प्रकार का अत्याचार नहीं होना चाहिए जो बांग्लादेश में हो रहा है बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और मंदिरों पर लगातार इस प्रकार के हमले हो रहे हैं और लोग चुप हैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई संज्ञान ना लेना इंसानियत और मानवता के लिए अफसोस और दुख की बात हैयह इंसानियत के साथ घोर अत्याचार हो रहा है बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो यह घटनाएं हो रही है उसको लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथाकथित बुद्धिजीवी मौन धारण क्यों करे हुए हैं। किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्यों नहीं उठाई जा रही यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठना चाहिए और सरकारों को इसकी निंदा भी करनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो और जीने दो के फार्मूले को विश्व स्तर पर उठाना चाहिए जहां तक बात भारत सरकार की है भारत सरकार को कूटनीति और सांस्कृतिक माध्यमों से बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां के अल्पसंख्यक समुदायों को सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इस प्रकार की घटनाएं इंसानियत और मानवता के लिए समूचे विश्व को कलंकित करती हैं क्योंकि कोई भी धर्म इंसानियत और मानवता से बड़ा नहीं हो सकता समाज के प्रबुद्ध वर्ग और विश्व की सरकारों को ऐसे मामलों में स्वयं हस्तक्षेप करके रोकना चाहिए क्योंकि इस प्रकार की घटनाएं समूचे मानव समाज को कलंकित करती है इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने वाले लोग वास्तव में वह किसी धर्म के सच्चे अनुयाई नहीं हो सकते वह केवल इंसानियत के दुश्मन है।

# रामघाट थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपियों को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। रामघाट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार बुलंदशहर द्वारा जनपद में अपराधों अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार मिश्र के सकुशल निर्देशन में पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार डिबाई के पर्यवेक्षण में रामघाट पुलिस ने तीन नामजद लोगों को तमंचा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। रामघाट थाना पुलिस ने रामघाट थाने में पंजीकृत संबंधित धाराओं में पॉस्को एक्ट सहित मुकदमा दर्ज है अभियुक्त महीपाल पुत्र गणपत मनीष पुत्र सत्येंद्र उर्फ पप्पू दिनेश पुत्र तेजवीर निवासी गांव परिहावली थाना रामघाट बुलंदशहर जिनके द्वारा थाना रामघाट क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक लड़की पीड़िता के साथ सामूहिक रूप से बलात्कार की घटना को अंजाम देने का आरोप भी लगा था तीनों नाम जदों को रामघाट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार उप निरीक्षक संजेश कुमार हैंड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार चौधरी गौरव कुमार चालक खिलेंद्र सिहं द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के धारकपुर रजवाहे/बंबा की पुलिया से 1 किलोमीटर नरौरा मार्ग पर टयूबल के पास से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त महिपाल व मनीष उपरोक्त वह घटना के प्रयुक्त एक अदद तमंचा 315 बर एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त दिनेश उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा बुलन्दशहर पहुँची

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा का आज ग्याहरवें दिन जनपद बुलन्दशहर पहुँची। जनपद बुलन्दशहर में यात्रा आज दूसरे दिन खुर्जा से बगराई से यारौली से सलेमपुर से मगरौल से बुढ़ाना से सरावा से करैइरा से पसूरम चौक (शिकारपुर), मानपुर (जनसभा) से भाईपुर दोराहा से बजेडा से तल बोलियाना से सौराखा से खुशरूपुर बगिया से डिबाई दोहरा से टोल नारौरा से नारौरा (जनसभा) के पश्चात यात्रा जनपद अमरोहा के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा जनपद सहारनपुर से प्रारंभ हुई है और जनपद सोनभद्र तक 200 विधानसभा का सफ़र तय करेगी और यात्रा का समापन नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। श्री निषाद जी ने कहा कि बुलन्दशहर जनपद का निषाद पार्टी गठन से लेकर आज तक हमेशा अपार प्रेम और साथ मिलता रहा है, आज यात्रा के दूसरे दिन भी निषाद/कश्यप/मछुआ/केवट समाज में समर्थन मिल रहा है, वो किसी आशीर्वाद से कम नहीं है क्योंकि समाज के साथ बिना कोई भी यात्रा सफल नहीं हो सकती है, मछुआरों की आवाज़ दिल्ली तक जानी चाहिए जिसके लिए संवैधानिक अधिकार रथ यात्रा निकाली जा रही है क्यूकी पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के हक़ अधिकार पर डाका डालने का काम किया था. और ऐसे में निषाद पार्टी का एक मात्र लक्ष्य है कि मछुआ समाज के आरक्षण के मुद्दे पर जल्द से जल्द निर्णय लिया जाये ताकि मछुआ सामाज जो अपनी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक पिछड़ेपन को दूर कर सके। पूर्व की सरकारों ने अपने चाहते को नौकरी व सरकारी योजनाओं के लाभ दिलवाने का कार्य किया है। संवैधानिक रथ यात्रा के माध्यम से मछुआ समाज को जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है, प्रदेश के कश्यप, निषाद, केवट, बिंद, मल्लाह, कहार, धीवर, बाथम समेत अन्य 17 उपजातियों का अनुसूचितजाति का लाभ नहीं मिल जाने तक समाज को एकजुटता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा का माध्यम से मछुआ समाज की सभी उपजातियों को संदेश देने का



काम किया जा रहा है, मा0 प्रधानमंत्री जी के नारे को प्रेरणा मानते हुए एक है तो सेफ़ है के नारे को बुलंद किया जा रहा है क्योंकि पूर्व की सरकारों मछुआ समाज की उपजातियों को बाटने के काम करते हुए, इनको मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों पर डाका डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही देश में जनगणना होने वाली है, मछुआ समाज से अपील करते हुए कहा कि केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, धीवर, रायकवार, कश्यप, बाथम, तुरैहा, भर, राजभर समेत सभी अन्य 17 उपजातियों को अपनी गिनती संविधान में सूचीबद्ध अनुसूचितजाति मझवार और तुरैहा में करवाये। उन्होंने कहा कि 1961 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में 70 लाख मझवार की आबादी अंकित थी किंतु धीरे-धीरे वो गिनती बढ़ने की बजाय घटती चली गई और 2011 की जनगणना के अनुसार मझवार की आबादी 7 हज़ार रह गई है। (नोट- मझवार सेंसस मैन्युअल 1961 एपेंडिक्स फॉर उत्तरप्रदेश के अनुसार अनुसूचितजाति के क्रमांक 51 नंबर पर अंकित है)। उन्होंने कहा कि आख़िर किस अधिकार के तहत पूर्ववर्ती सरकारों ने मझवार की संख्या को कम करने का कार्य किया है, आज विपक्ष में बैठे पूर्व के सत्ताधीश लोग जातीय जनगणना को लेकर घड़ियाली आंसू बहाते है उन्होंने कहा कि वो राहुल गांधी, अखिलेश यादव और मायावती को चैलेंज देते है आये और मझवार व तुरैहा की आबादी की में हुए हेर-फेर व कम होने के मामले पर खुली बहस करें, आख़िर 1961 के अनुसार 70 लाख मझवार की आबादी थी तो 2011 की जनगणना के अनुसार मझवार की आबादी 7 हज़ार कैसे रह गई, आख़िर समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी की बैसाखी पर चल रही 2011 में केंद्र की कांग्रेस सरकार ने कौन सी जनगणना करवाई थी कि आबादी कम हो गई। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी बनाने का संकल्प उन्होंने श्रृंगवेरपुर धाम पर लिया था और निषाद समाज के गौरवशाली इतिहास को पुन: जीवित करने को लेकर उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार से लगातार माँग करते रहे थे, जल्द ही वो दिन आने वाला है जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और प्रदेश के पूज्य मुख्यमंत्री जी श्रृंगवेरपुर धाम को तीर्थक्षेत्र घोषित करने वाले है, श्रृंगवेरपुर में महाराजा गुह्यराज निषाद जी और प्रभु श्री राम जी की 56 फीट की प्रतिमा बनकर तैयार हो गई है, महाराज गुह्य राज निषाद जी का ऑडिटोरियम बनाया जा रहा है, निषादराज पार्क बनकर लगभग तैयार हो गया है, अयोध्या से चित्रकूट तक बनाए जा रहे राम वन गमन पथ के दो चरणों का भी लोकार्पण करेंगे, पथ भी श्रृंगवेरपुर से होकर ही निकलेगा, जिस पर लगभग 4200 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं, यहां 1100 करोड़ रुपये में प्रदेश सरकार द्वारा गंगा पर पुल भी बनाया जा रहा है। श्रृंगवेरपुर को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलने जा रही है, जिससे की निषाद समाज का गौरवशाली इतिहास विश्वपटल पर प्रदर्शित होगा। उन्होंने कहा कि वो अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं कि जिस समाज के हक़ अधिकार की लड़ाई वो लड़ रहे थे, उन्हीं की सेवा करने का मौक़ा यशस्वी मुख्यमंत्री जी ने दिया है, उन्होंने कहा कि मछुआ समाज का बेटा ही मछुआ समाज और मत्स्य विभाग को भलीभाँति से समझ सकता है क्योंकि सामाजिक ताना-बाना मछुआरों का दर्द मछुआ समाज का बेटा ही समझ सकता है, आज प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के मछुआ समाज को मिल रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद ई0 प्रवीण निषाद जी, डॉ अमित निषाद जी, श्री बाबू राम निषाद जी, श्री जितेंद्र निषाद, श्री नरेश कश्यप, श्री राज कुमार कश्यप, श्रीमती सरस्वती निषाद, श्री धर्मेंद्र कश्यप, श्री जोगेंद्र कश्यप, श्री अर्जुन चौधरी, श्रीमती गुंजा निषादमाँ श्रीमती जनकन्दनी निषाद, श्रीमती आरती निषाद समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सत्ता की हनक में संचालित हैं डिबाई दोराहे स्थित होटल

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। डिबाई। इसमें कोई शक नहीं कि देश के शहरी इलाकों में भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्यता का असीमित प्रभाव है। लेकिन ग्रामीणांचल अभी इस तथाकथित आधुनिकता से बचा हुआ है। क्योंकि एक ओर बच्चों के परिजन अपने बच्चों की गतिविधियों के प्रति जागरूक हैं तो वहीं शासन प्रशासन भी गाहे बगाहे पेट्रोलिंग करके संवेदनशील इलाकों पर न सिर्फ नजर बनाए रखता है बल्कि अनैतिक तथा असामाजिक कृत्यों में संलिप्त लोगों पर समाज हित में सख्त कार्यवाही भी करता है। लेकिन जब ऐसे लोग किसी भी असामाजिक कृत्यों को करने के लिए सत्ता का आवरण ओढ़ लें तो उन पर कार्यवाही प्रशासन करे या न करे, लेकिन समाज में उनका चरित्र दृष्टिगोचर होना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। आज हम बात करेंगे डिबाई दोराहे के साथ साथ डिबाई नगर, धर्मपुर रोड, कसेर कलां आदि में कुकुरमुत्तों की तरह अनायास ही पनपे उन होटलों की जिन पर कुछ संचालकों ने तो ओयो का टैग स्तेमाल करके अपना धंधा चमकाने का काम किया तो कुछ ने सत्ता पक्ष के बड़े बड़े फ्लैक्स लगा कर प्रशासन को ये साइलेंट मैसेज दे दिया कि हमारी ओर न देखें। वैसे इसमें दो राय नहीं कि इसका व्यापक असर भी हुआ। क्योंकि आज तक आधिकारिक तौर पर उपरोक्त स्थानों पर संचालित होटलों पर किसी भी सक्षम अधिकारी ने ये जानने का प्रयास नहीं किया कि उपरोक्त संचालित होटलों के कमरों में ठहरने वाले यात्रियों ने लोकल आईडी का प्रयोग करके कितने घंटे का विश्राम किया और आखिर ऐसा क्या प्रयोजन था कि जिसके लिए लगभग 18 से 25 वर्षीय युवक एवं युवतियों को चंद घंटे के लिए ही होटल की आवश्यकता हुई। उसमें भी गौर-ए-तलब ये कि उक्त होटलों में रुकने वाले अधिकांश युगल न तो पति पत्नी थे, और न ही एक परिवार के। तो कभी अलग अलग परिवार तो कभी अलग अलग समाज के युगल जिनका घर उक्त होटलों से चंद किलोमीटर की दूरी पर है को कुछ घंटे के लिए उक्त कमरों में रुकने की आखिर क्या आवश्यकता रही होगी। कहने को ये प्रश्न निजता के अधिकार का वॉयलेशन हो सकता है लेकिन... इसी के साथ क्या इस तरह से अलग अलग समाज तथा वर्ग के युगल का उपरोक्त स्थानों पर पाया जाना समाज में लव जिहाद जैसे मामलों को प्रेरित करने का कारण नहीं बन रहा। खैर... इसके अलावा जो एक और तथ्य प्रकाश में आया वो ये कि कसेर कलां, धर्मपुर मार्ग, कन्या महाविद्यालय के निकट के अलावा भीमपुर दोराहे क्षेत्र में स्थित तमाम होटलों में साप्ताहिक बाजार अर्थात मंगल बाजार के दिन एक विशेष रौनक देखने को मिलती है। सूत्रों की माने तो डिबाई दोराहे सहित उपरोक्त सभी होटलों में सुबह से ही अतिथि युगल की लाइन लग जाती है। नाम नहीं छापने की शर्त पर ऐसे ही एक प्रतिष्ठित होटल के पड़ोसी ने बताया कि मंगलवार को आने वाले लोकल के अतिथियों/ यात्रियों से लगभग एक घंटे का 800 रुपए से 1000 रुपए तक चार्ज लिया जाता है। वहीं दूसरी ओर ऐसा नहीं है कि प्रशासन इस सब को लेकर चिंतित नहीं है ज्ञात हो कि तत्कालीन एसडीएम दीपक कुमार पाल ने ऐसे ही एक होटल को उपयुक्त प्रपत्र नहीं होने के चलते बंद कराया था। जिसके बाद ज्ञात हुआ कि उस होटल संचालक ने अपने होटल का सराय एक्ट में रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने उक्त होटल को पुन: संचालित कर लिया। इसमें दो राय नहीं कि क्षेत्र के विकास के लिए ऐसी सुविधाएं आवश्यक है। लेकिन डिबाई न तो औद्योगिक क्षेत्र है और न ही पर्यटन, तो फिर मानकों को ठेंगा दिखाते हुए ये होटल आखिर किस उद्देश्य की पूर्ति के लिए बेखौफ संचालित किए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन पूर्व ही जनपद के स्याना में एसडीएम गजेंद्र सिंह तथा सीओ दिलीप सिंह द्वारा एक होटल पर कार्यवाही करते हुए ये संदेश दे दिया गया कि यदि कोई भी अनैतिक कृत्य किसी भी क्षेत्र में करने का प्रयास किया जाएगा तो प्रशासन का चाबुक तो चलेगा ही। परंतु ये चाबुक डिबाई क्षेत्र में चलेगा या नहीं ये अपने आप में यक्ष प्रश्न से कम तो नहीं।

# अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ने सर्वोच्च मुख्य न्यायाधीश के नाम लिखा पत्र



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर - अल्पसंख्यक कांग्रेस उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे 16 दिवसीय अभियान के तहत अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर के नेतृत्व मे सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नाम पत्र लिखे गए, जिसमें पांच सवाल मुख्य न्यायाधीश महोदय से किए गए। नंबर 1 - क्या हिंदुस्तान में पूजा स्थल अधिनियम 1991 लागू है या समाप्त हो गया। नंबर 2- यदि यह कानून लागू है तो उसकी अवमानना निचली अदालतों के जजों के द्वारा क्यों की जा रही है। नंबर 3 - इस सारे प्रकरण पर सर्वोच्च न्यायालय क्यों चुप है।नंबर 4 - क्या सर्वोच्च न्यायालय आरएसएस और भाजपा सरकार के दबाव में है। नंबर 5 - संविधान के आर्टिकल 32 व 226 के अंतर्गत सुप्रीम कोर्ट राज्यों में मुसलमानों के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ स्वत संज्ञान लेकर कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है ।आज के अभियान में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर, शकील सैफी, मुजफ़्फ़र अहमद,साजिद चौधरी,कमरुज्जमा, कर्ण सिंह, फारूक अन्सरी,अब्दुल्ला,वकील खान, शामिल रहे।

# भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री बने सदाकत अली खान

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। में राष्ट्रीय कार्यालय बुलंदशहर पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा सदाकत अली खान को प्रदेश संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश राकिब खान को युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर के पद पर मनोनीत किया गया है सदाकत अली खान ने बताया है कि में संगठन की नीतियों को ध्यान में रखते हुए संगठन के लिए ईमानदारी निष्ठा भक्ति के साथ मजबूत करूंगा और राकिब खान ने बताया है कि मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा जिम्मेदारी दी है में संगठन को



मजबूत करूंगा और अध्यक्ष जी को मजबूत करूंगा इस मौके पर मौजूद रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मनीषा सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा चौधरी विशाल यादव प्रदेश संगठन मंत्री सदाकत अली खान राकिब खान आदि लोग मौजूद रहे

# शोकसभा में पहुंचकर परिवार को दी सांत्वना

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। में क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ साथी नरेश चौहान उर्फ बबलू जी की स्वर्गीय माता जी व समाज सेवी हर्ष चौहान की दादी जी की श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों नेताओं ने क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों के साथ मंडल अध्यक्ष मेरठ ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने की श्रद्धांजलि अर्पित। मंगलवार को क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ साथी नरेश चौहान उर्फ बबलू जी की स्वर्गीय माताजी व समाजसेवी हर्ष चौहान की दादी जी की श्रद्धांजलि सभा में ब्लॉक



प्रमुख अनूपशहर अतुल कुमार सिंह क्षत्रिय महासभा के संरक्षक एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर मदनपाल सिंह कुंवर अभय प्रताप सिंह ,किशनपुर ठाकुरान से अरवेश सिंह राघव ,एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राघव पूर्व ब्लाक प्रमुख अनूपशहर के भाई बृजेश राघव ,ठाकुर मोहर सिंह फतेहपुर आदि गणमान्य लोगों के साथ श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर, ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देकर मोक्ष प्रदान करने की कामना की ।

# योगेश शर्मा बीडीसी को बनाया गया श्रीराम परशुराम जन जागृति दल प्रदेश सचिव

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। ग्राम नैथला हसनपुर निवासी योगेश शर्मा बीडीसी को श्रीराम परशुराम जन जागृति दल प्रदेश सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है जिसको लेकर गांव के लोगों में काफी खुशी का माहौल है गांव पहुंचे योगेश शर्मा का गांव के लोगों ने जोरदार स्वागत किया स्वागत में राहुल तिवारी अजय शर्मा हरिओम शर्मा अनुज अनिल गुप्ता मनोज शर्मा गांव के लोग शामिल रहे योगेश शर्मा बीडीसी ने बताया कि श्रीराम परशुराम जन जागृति दल के प्रदेश हतिय पद पर मनोनीत किया जाता है। इकाई के आपसे आशा की जाती है कि आप क्षेत्र में श्रीराम परशुराम जन जागृति दल की नीति एवं सिद्धांतों का प्रचार प्रसार करके सामाजिक हित में कार्य करेंगे व देल की लोकप्रियता को समाज में बनाये रखेंगे और पूरी ईमानदारी व निस्वार्थ



भाव से कार्य करेंगे।

# भारत विकास परिषद मुख्य शाखा बुलंदशहर ने किया गुरुवंदन कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षकों को किया सम्मानित

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। हजरतपुर स्थित, छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बुलंदशहर में आज भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन कार्यक्रम मनाया गया जिसमें भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक डॉक्टर हरजिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार, सचिव चंद्रपाल सिंह, प्रांतीय संगठन सचिव राजीव कुमार, कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया इस कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के द्वारा छत्रपति शिवाजी विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों को सील्ड देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि भारत विकास परिषद, संस्कार, सेवा, समर्पण परियोजनाओं के द्वारा समाज की सेवा करता है । बच्चों युवाओं, परिवार के वरिष्ठ नागरिकों के विकास के कार्यक्रम आयोजित करता है। जल सेवा, वृद्ध आश्रम सेवा, गौ सेवा, महिला अस्पताल फल वितरण सेवा इत्यादि में अपना योगदान देता है। आज भारत के भविष्य का निर्माण करने वाले आचार्य शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए यहां पर उपस्थित हैं यह शिक्षक ही छात्रों को अपने ज्ञान के द्वारा सशक्त, सफल, विकसित भारत की कल्पना को साकार करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इन शिक्षकों को सम्मानित करने में स्वयं भी गर्व का अनुभव कर रहे हैं। कार्यक्रम में अध्यापकों के साथ मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा विद्यालय आने के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

# योग शिविर का आयोजन किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा शैलेन्द्र कुमार गुप्ता एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा अशोक कुमार राना हापुड़ के दिशा निर्देशन में योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय सिखैडा जनपद हापुड़ के योग प्रशिक्षक मनीष शर्मा द्वारा जूनियर हाईस्कूल सिखैडा हापुड़ में योग शिविर लगाया गया जिसमें 45 छात्र छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया जिसमें ताड़ासन त्किोणास कटिचक्रासन घुटना संचालन वृक्षासन पश्चिमोत्तानासन पवनमुक्तासन सर्वांगासन भुजंगासन शलभासन धनुरासन चक्ा्सन वजा्सन प्राणायाम कपालभाति अनुलोम-विलोम भा्मरी व सभी को स्वस्थ दिनचर्या के बारे में विस्तार से बताया प्रिंसिपल चंचल शर्मा ने सभी विधार्थियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया योग सहायक जयवीर सिंह का सहयोग रहा।

# कैम्प कार्यालय पर आयुष्मान भारत योजना का कैंप आयोजित किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । मिनाक्षी रोड स्थित हापुड़ सदर विधायक हापुड़ विजयपाल आढ़ती के कैम्प कार्यालय पर आयुष्मान भारत योजना का कैंप आयोजित किया गया जिसमें 70 प्लस से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के आयुष्मान भारत योजना से डॉक्टर अब्दुल जाहिर डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व श्री राहुल कुमार जिला सूचना प्रणाली प्रबंधक द्वारा प्रतिभा कर वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद के सभी 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं

# भाषा और समुदाय कार्यक्रम का आयोजन किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । विद्यालय प्रांगण में भारतीय भाषा उत्सव के अन्तर्गत भाषा और समुदाय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्या डॉ0 स्नेह प्रभा के द्वारा माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पाजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित करके किया गया।भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन महाकवि श्रद्धेय सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है।छात्राओं ने भाषा और समुदाय के रूप में जोड़ी बनाकर विभिन्न भाषाओं में एक-दूसरे को अपनी-अपनी भाषाओं में बुनियादी अभिवादन कर अन्य छात्राओं को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम में सभी भाषाओं के शिक्षिकाओं के साथ संवादात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं को संवाद सीखने का अनुभव समृद्ध हो सकें।कार्यशाला में छात्राओं की प्रतिभागिता सराहनीय है।छात्राओं ने अपनी-अपनी भाषा में पत्र लिखकर आपस में आदान-प्रदान करके एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्या डॉ0 स्नेह प्रभा, अर्चना गौतम,डॉ0 सरोज भारती, प्रतिभा शर्मा,प्रीति अग्रवाल, कु0 शिल्पी अग्रवाल,ईला भारद्वाज आदि का विशेष सहयोग रहा।

# वेदों के पढ़ने से विद्या बढ़ेगी -आचार्य श्रुति सेतिया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में दु:खों का कारण अविद्या है विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 683 वाँ वेबिनार था। वैदिक विदुषी आचार्या श्रुति सेतिया ने कहा कि संसार में हम आविद्या व दुखों को देखते हैं।इसका कारण है मनुष्यों की वेद ज्ञान से दूरी।वेदों से दूरी वेदों का अध्ययन छोड़ देने के कारण हुई। शास्त्रीय वचन है कि हम नित्यप्रति वेदों का स्वाध्याय करें तथा हम वेदों के अध्ययन से पृथक कभी ना हों। हिन्दुओं की धार्मिक साहित्य प्रकाशित करने वाली संस्थाएं वेदों व उनके सत्य अर्थ वाली टीकाओं को प्रकाशित करने का कार्य नहीं करती।यह एक प्रकार का धर्म के सत्यस्वरूप को ना जानना ही है। इससे ही अविद्या युक्त मत मतांतरों को बढ़ावा मिलता है। ऋषि दयानंद जी वेदों के मर्मज्ञ व वेदों को जानने वाले ऋषि थे, उन्होंने चारों वेदों




का पुनरुद्धार किया।उन्होंने देश भर में वैदिक मान्यताओं का प्रचार किया। आर्य समाज की स्थापना की तथा आर्य समाज के प्रयासों से वैदिक मान्यताओं की विश्व भर में चर्चा हुई।देश से अविद्या वा अज्ञान के बदल छट गये। यह सत्य सिद्ध है कि ज्ञान वा विद्या के पर्याय वेदों का प्रचार व प्रसार ना होने पर ही अज्ञान वा अविद्या,अंधविश्वास,पाखंड तथा मत मतांतर आदि समाज में फैलते हैं जिससे मनुष्यों के दुखों में वृद्धि ओर मानवजाति का पतन होता है।अविद्या ही मत मतांतरों कि जननी है। जहां अविद्या ना होकर विद्या होती है वहां सच्चे धर्म,सद्ज्ञान,विद्या व वैदिक संस्कृति फलती वा फूलती है।अविद्या से मनुष्य पाप कर्मों को करके दु:ख को प्राप्त होते हैं। अविद्या के कारण शिक्षित लोग स्वार्थों के जाल में फंस जाते हैं और देश वा समाज विरोधी कार्य करते हैं।अत: हमें ऋषि दयानंद जी की शिक्षाओं और वेदों का अध्ययन कर अपनी अविद्या को दूर करना है।सभी अंधविश्वास वा कुरीतियों से मुक्त होकर देश ओर समाज की उन्नति में योगदान करना है। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री पूजा सलूजा व अध्यक्ष अनिता रेलन ने भीतरी आर्ष साहित्य व वेदों के पठन पाठन पर ज़ोर दिया। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका प्रवीना ठक्कर, कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, सुमित्रा गुप्ता 97 वर्षीय, सरला बजाज, आशा आर्या, सुधीर बंसल आदि के मधुर भजन हुए।

# मिशन शक्ति के तहत एकेपी इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़ । आर्य कन्या इंटर कॉलेज विद्यालय प्रांगण में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गय। जिसके अन्तर्गत-संयुक्त जिला अस्पताल की क्लीनिकल साइक्लोजिस्ट डॉ0 मुग्धा उपाध्याय साइकेट्रिक सोशल वर्कर मौ0 अनीस तथा साइकेट्रिक नर्सिंग ऑफिसर नरेश कुमार ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी तथा डिप्रेशन, अवसाद पेनिक अटेक आदि के लक्षणों के बारे के छात्राओं को बताया तथा इन बिमारियों से किस प्रकार बचाव किया जा सकता है। इस पर जानकारी प्रदान की कार्यक्रम से सम्बन्धित छात्राओं के बीच एक क्विज का आयोजन किया गया। जिसमें प्राची, शुभि, एकता, जारा, प्ररेणा, मीरा आदि छात्राओं को सही उत्तर देने पर सार्टिफिकेट व शिल्ड दे कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

प्रधानाचार्या. डॉ0 स्नेह प्रभा ने छात्राओं को बताया कि इन बिमारियों से किस प्रकार बचा जा सकता है। इस अवसर पर मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ0 रेखा रानी, अंजू रानी भी उपस्थित रही और कार्यक्रम का संचालन रानी सिन्हाजी ने किया। अर्चना गौतम, प्रीति अग्रवाल, तथा अन्य शिक्षिकाओं को कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग रहा है।

# गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग दिल्ली द्वारा सम्मानित हुए कवि डा अनिल बाजपेई




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। हापुड़ के कवि डा अनिल बाजपेई को भारत सरकार गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग नराकास दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया। तो वहीं राष्ट्रीय कवि डा अनिल बाजपेई के साथ देश के अन्य प्रख्यात कवियों में गजेंद्र सोलंकी ,राजेश ,योगेश,उपेंद्र आदि ने भी काव्य पाठ किया। सदस्य सचिव नराकास दिल्ली अशोक कुमार ने कहा कि डा अनिल बाजपेई की रचनाएं नई पीढ़ी के लिए ऊर्जा और उत्साह का संचार प्रदान करने वाली हैं। इस अवसर पर डा अनिल बाजपेई ने पढ़ा, पश्चिम की आंधी से छाया चारों ओर अंधेरा था,हरे पेड़ की डालों पर गिद्धों का हुआ बसेरा था,धीरे धीरे कदम बढ़ाए भारत की रजधानी में,जयचंदों ने सुमन बिछाए कौओं की अगवानी में,धरती भारत की जलती थी सूरज के अंगारों में,प्रेम शांति के पाठ बह गए ब्रह्म पुत्र की धारों में,किन्तु तभी इक सुमन खिला धरती के मान सरोवर में,उसी सुमन की मैं मित्रो आज कहानी कहता हूं, रंगे बसंती चोले की मैं आज कहानी कहता हूं। इस अवसर पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल,लायंस क्लब भारत विकास परिषद एवं अन्य हापुड़ की साहित्यिक संस्थाओं ने डा अनिल बाजपेई को बधाई प्रेषित की।

# दलित व गरीब किसानों की भूमि पर तालाब की खुदाई रोकने के संबंध में एसडीएम व तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर को सौपा ज्ञापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। राष्ट्रीय लोकदल किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पिंटू प्रधान उर्फ संदीप कुमार के नेतृत्व में केई किसान गढ़मुक्तेश्वर एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय पहुंचे और ग्राम पंचायत पीर नगर में खसरा नंबर 608 क और खसरा नंबर 609ड तालाब खुदाई के संबंध में उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि ग्राम पंचायत पीरनगर में जिलाधिकारी द्वारा एल टी को तालाब खुदाई की अनुमति देने के मामले में ग्रामीणों की चिंताएं सताने लगी है एल टी द्वारा पहले भी किसानों के साथ धोखाधड़ी किए जाने की बात सामने आई है, जिसमें उन्होंने तालाब का सौंदर्यीकरण करने का वादा किया था। अब,जब दलित किसानों और गरीब तबके के लोगों की जमीन पर तालाब की खुदाई की जा रही है, उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रशासन द्वारा इन लोगों की जमीन को तालाब की भूमि बताया जा रहा है, जबकि उन्हें सरकार द्वारा ही यह जमीन दी गई थी। इस मामले में तालाब की खुदाई को तब तक रोकना चाहिए जब तक कि इन लोगों को उनकी जमीन के सही खसरे नहीं दिए जाते। यह न केवल न्याय के सिद्धांत के अनुसार है, बल्कि यह ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी आवश्यक है। ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह ,पप्पू सिंह, गोविंद सिंह व देवी शंकर आदि किसान मौजूद रहे।



# नेह नीड़ के चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन की तैयारियां प्रारंभ भव्य रूप से मनाया जाएगा कार्यक्रम-कन्हैयालाल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जनपद हापुड़ की पावन तीर्थ नगरी ब्रिजघाट स्थित नहीं नीड के नव निर्मित परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नेह नीड के संस्थापक कन्हैयालाल एवं मीडिया प्रभारी भारत भूषण गर्ग ने बताया कि 18 दिसंबर को नहीं नीड का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन भव्य रूप से मनाया जाएगा जिसमें नवनिर्मित परिसर का लोकार्पण संत प्रवर प्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य पूज्य अनिरुद्धाचार्य ब्रह्म ऋषि महेश योगी एवं मानस मर्मज्ञ पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज तथा राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुधीर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। संस्थान के मीडिया प्रभारी भारत भूषण गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया की वर्तमान में संस्थान में 10 महानगरों की 62 अभावग्रस्त व वंचित बस्तियों के 106 बच्चे अध्यनरत हैं जिनकी समग्र चिंता समाज के सहयोग से नेह नीड कर रहा है। नेह नीड के संस्थापक कन्हैयालाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर समस्त क्षेत्र वासियों में उत्साह का वातावरण है एवं दूर-दूर से लोग इस कार्यक्रम में सहभागी होने के लिए अपनी सहमति से सूचित कर रहे हैं। संस्थान के बच्चे अपनी योग्यता व प्रतिभा से समाज में अपना विशेष स्थान बना रहे हैं नेह नीड की




अभिलाषा है कि यह बच्चे अपने जीवन को सुव्यवस्थित करते हुए समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बने। कन्हैया लाल ने समस्त क्षेत्र वासियों को 18 दिसंबर प्रात: 10.00 बजे संस्थान के लोकार्पण एवं चतुर्थ वार्षिकोत्सव का निमंत्रण दिया है

# सनत सांगवान की पारी से भवानी यूथ क्रिकेट एकेडमी पांच विकेट से जीती

गाजियाबाद । नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मैच में भवानी यूथ क्रिकेट एकेडमी ने सनत सांगवान की पारी की बदौलत जेम्स रीबॉक टीम को पांच विकेट से शिकस्त दी। मैन ऑफ द मैच सनत ने शानदार 120 रन की पारी खेली। नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आठवें कार्पेडियम बीआर शर्मा ट्रॉफी के मैच में जेम्स रीबॉक ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पूरी टीम 37.3 ओवर में 230 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से आशमन गुलाटी ने सर्वाधिक 59 रन की पारी खेली। जसकरण सिंह ने 45,राज गुप्ता ने 36 रन का योगदान दिया। भवानी यूथ के गेंदबाज यथार्थ सिंह ने सबसे ज्यादा चार और नीलमणि ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य को हासिल करने मैदान पर उतरी भवानी यूथ क्रिकेट एकेडमी ने सनत सांगवान के शानदार 120 रन बदौलत 34.1 ओवर में पांच विकेट पर 234 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम की तरफ से सिद्धांत के 34, शिवम के 23 रनों का योगदान दिया। रीबॉक के रवि को दो विकेट और हिमांशु को एक विकेट मिला।120 रन की उम्दा पारी खेलने वाले सनत सांगवान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# किशोर के हमलावरों को हिरासत में लिया

गाजियाबाद । लोनी पुलिस ने किशोर पर कुल्हाड़ी से कातिलाना हमले के दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि 25 नवंबर को दोनों आरोपियों ने मिलकर एक किशोर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया था। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में पीड़ित किशोर के पिता ने हमलावरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। मंगलवार को दोनो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# सीट पर बैठने के विवाद में युवक को पीटा

गाजियाबाद । मुरादनगर निवाड़ी निवासी नकुल त्यागी ने बताया कि वह मेरठ रोड से बस में मोदीनगर आने के लिए चढ़ा। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर गंगनहर पुल के पास परिचालक ने नकुल को स्टॉफ के लिए सीट से उठने को कहा। इस पर विवाद हो गया। इसके बाद चालक और परिचालक ने उसकी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं उसे बस से उतार दिया। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस केस दर्ज कर परिचालक और चालक की तलाश जुट गई है।

# नए छात्रों को यंग रिसर्चर अवार्ड मिलेगा

गाजियाबाद । मुरादनगर दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज अब यंग रिसर्चर अवार्ड देगा। यह अवार्ड नवीन अनुसंधान और नवीनतम विचारों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए नए चिकित्सकों को मिलेगा। कॉलेज के पीआर दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि एक समिति का गठन किया गया। समिति रजिस्टर्ड पेटेंट एजेंट पूजा कुमार को बाहरी विशेषज्ञ समीक्षक के रूप में रखा गया है। यह पुरस्कार बीडीएस और एमडीएस छात्रों को दिया जाएगा।

# कार्यक्रम में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी

गाजियाबाद । लाल कुंआ स्थित कॉलेज में लिटिल लीडर्स स्कूल ने वार्षिकोत्सव मनाया। शुभारंभ अनु गुप्ता और प्रेम लता ने किया। करीब 500 छात्रों ने नृत्य की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने नाटक और गीत-संगीत की प्रस्तुति से दी। बच्चों की माताओं ने भी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बच्चों ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाई

गाजियाबाद । नेहरू वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को उत्तरी जोन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। भूकंप अभियांत्रिकी राष्ट्रीय सूचना केंद्र आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में दिल्ली, एनसीआर और उत्तरी जोन के कुल सात स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बिरला विद्या निकेतन, पुष्प विहार दिल्ली और ब्लू वेल्स मॉडल स्कूल गुरुग्राम संयुक्त रूप से विजेता रहे। नेहरू वर्ल्ड स्कूल दूसरे नंबर पर रहा और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। स्कूल की विंग हेड मंजुला सिंह ने बताया कि इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन कराने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भूकंप जैसी आपदाओं के प्रति जागरूक करना और जानकारी देना था।

# गांजा तस्करी में दो आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद । लोनी पुलिस ने 19 किलो गांजे के साथ युवक और उसकी ममेरी बहन को गिरफ्तार कर किया है। गांजा आंध्रप्रदेश से तस्करी कर लाया गया था, जिसे बेचकर पूरा परिवार मुनाफा कमाता था। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि सोमवार रात ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने शाहिद और उसकी बहन आफरीन को पकड़ा। दोनों विकास विहार गौरव मार्केट रामपार्क कॉलोनी के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपी शाहिद ने बताया कि उसका मामा असगर उससे ऑर्डर पर आंध्रप्रदेश से गांजा मंगवाता है। वह ट्रकों से गांजा लाकर मामा असगर और मामी नौशाद बानो को देता था, जिसके बदले वह उसे पैसे देते थे। मामा, मामी, ममेरी बहन आफरीन और परवीन आदि सभी लोग गांजे को छोटी-छोटी पुड़िया में पैक कर राह चलते नशेड़ियों को बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे।

# निगम की भूमि पर अवैध कब्जा व अनाधिकृत निर्माणों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी




गुरुग्राम । निगमायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार से संबंधित आई आधा दर्जन शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया गया। इनमें विशेष रूप से प्रॉपर्टी मालिक के नाम, पते या मोबाइल नंबर से संबंधित शिकायतें थी, जिनका समाधान संबंधित जोनल टैक्सेशन अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने अवैध कब्जा व अनधिकृत निर्माणों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के दौरान एनफोर्समेंट विंग को निर्देश दिए कि वे इस मामले में प्रभावी कार्रवाई करें तथा निगम भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने के साथ ही चारदीवारी आदि करके उसे सुरक्षित भी करें, ताकि दोबारा से वहां पर कब्जा ना होने पाए। इसके साथ ही क्षेत्र में हो रहे अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई करते रहें। वहीं, सीवरेज मैनहोल के ढक्कन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि संबंधित इंजीनियर यह सुनिश्चित करें कि एजेंसी द्वारा लगाए जाने वाले मैनहोल ढक्कन बेहतर गुणवत्ता के हों। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कई बार एजेंसी द्वारा ढक्कन लगाने के कुछ दिन बाद ही टूट जाते हैं। इस पर निगमायुक्त ने कहा कि ढक्कनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ ही एजेंसी की जवाबदेही भी तय की जाए, ताकि इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति ना हो। ढक्कन की एक समय सीमा निर्धारित की जाए और इस समय सीमा के भीतर अगर ढक्कन टूटता है तो उसे बिना अतिरिक्त शुल्क बदलने की जिम्मेदारी एजेंसी की होगी।

# विश्व विकलांग दिवस समारोह का आयोजन



नई दिल्ली । आज पूर्वांचल विचार मंच द्वारा सभागार में विश्व विकलांग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिलीप पांडेय, सदस्य, दिल्ली विधानसभा मुख्य अतिथि और प्रोफेसर, सदानंद प्रसाद, प्राचार्य डॉ भीम राव अम्बेडकर महाविद्यालय ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में विषय प्रवेश के रूप में पूर्वांचल विचार मंच के अध्यक्ष, डॉ राकेश रमण झा ने बतलाया कि दिव्यांगों को समान अधिकार और निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करने के लिए समाज और सरकार को सम्मिलित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है। दिव्यागता अधिनियम 2016 के प्रावधानों को लागू करने करने के लिए दिव्यांगों की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर डॉ झा ने बल दिया। कार्यक्रम में दिल्ली पुलिस के दिव्यांग जवान, अस्पताल के दिव्यांग डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ, दिव्यांग छात्र, छात्राएं, पत्रकारों और सामाजिक संगठन के अधिकारियो को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अरुण शर्मा, जतन कुमार शुक्ला, कोरिया से आए मेहमान पार्क ही सूं, सुश्री जू, साजिद चौधरी, सुनहरी लाल यादव, सुनील झा, विजय वर्मा, कमांडर बलबीर, शशि किरण झा, नजर अहमद करीमी, नफीस अहमद, अंकुर शुक्ला, के डी पाठक, संतोष कुमार राय, अमित यादव आदि ने सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

# बांग्लादेशी हिंदू धर्म की रक्षा के लिए दें रहे हैं प्राणों की आहुति - जगतगुरु देवादित्यनंद सरस्वती



नई दिल्ली । दिल्ली के 7, शंकराचार्य मार्ग में आज अखिल भारतीय रामराज्य परिषद व ज्योतिष पीठ समिति की कार्यकारिणी एक आवश्यक बैठक में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी माधवाश्रम के शिष्य जगद्गुरु स्वामी देवादित्यनंद सरस्वती जी महाराज ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि बांग्लादेश के हिंदू धर्म की रक्षा के लिए वहाँ का हिंदू अपने प्राणों की बलि दे रहा हैद्य उन्होंने कहा की समय की जरूरत है कि अब धर्म की रक्षा के लिए अधर्मियों के प्राणों की बलि ली जाए। बहुत हो गया हमारे मठ मंदिरों पर हमले हो रहे हैं अब हमें भी उसका उत्तर देना होगा। हिंदू कायर नहीं है समय समय पर हिंदुओं ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्योछावर किया है। आज फिर से विपत्ति आई है तो सामना करना होगाद्य। समिति के राष्ट्रिय प्रवक्ता प्रमोद माहेश्वरी ने बताया कि कार्यकारिणी में ज्योतिष पीठ समिति व अ.भा. राम राज्य परिषद् के गठन पर चर्चा हुई तथा ज्योतिष पीठ समिति (रजि.) द्वारा निकाले जाने वाली मासिक पत्रिका धर्म सम्राट का डीजिटल अंक निकाले जाने पर फैसला हुआ। जिसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगो तक धर्म शास्त्रों की पहुँच बनाई जाए। कार्यक्रम में भाग लेने वालों में ज्योतिषपीठ समिति के अध्यक्ष ब्रह्मचारि राम मिलन, महामंत्री संजीव शर्मा, मंत्री राजेश कपूर, योगेश कौशिक, राकेश शर्मा, पुरामहादेव समिति से श्री सी. के. शर्मा, रामराज्य परिषद् से देवेंद्र चतुर्वेदी, कार्यालय मंत्री विद्या सागर शर्मा, जे. पी. शर्मा आदि लोगों ने भाग लेकर सभा को सफल बनाया। तत:श्चात् महाराज जी से आशीर्वाद व प्रसाद ग्रहण किया गया।

# हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार




नई दिल्ली । सीमापुरी थाने की क्रैक टीम ने ड्रग नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 302 ग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी याकूब है। पुलिस ने इसके पास से हेरोइन और एक स्कूटी बरामद की है। शाहदरा जिला डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह ओबेरॉय की देखरेख में गठित टीम ने 9 दिसंबर को 70 फुटा रोड, नई सीमापुरी, पर हेरोइन के अवैध परिवहन के बारे में कार्रवाई की जानकारी मिली। टीम ने एक व्यक्ति को स्कूटी पर सवार देखा गया। मुखबिर की पहचान के आधार पर, टीम ने पुष्टि की कि यह व्यक्ति हेरोइन की आपूर्ति में शामिल था। टीम ने तुरंत संदिग्ध को पकड़ लिया, जिसकी पहचान याकूब के रूप में हुई, तलाशी लेने पर 302 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# विरोध मार्च के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

नई दिल्ली । पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को कथित तौर पर निशाना बनाये जाने के खिलाफ मंगलवार को नागरिक समाज के सदस्यों के प्रस्तावित विरोध मार्च के मद्देनजर यहां बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमने विरोध मार्च के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। किसी को भी कानून-व्यवस्था का उल्लंघन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।'' 'दिल्ली सिविल सोसाइटी' और कई अन्य संगठनों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश उच्चायोग तक मार्च का आह्वान किया है।

# किसानों को तुरंत रिहा करवाने की मांग पर डीएम कार्यालय पर 12 दिसंबर को करेंगे विशाल प्रदर्शन-गंगेश्वर दत्त शर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस






नोएडा । किसान आंदोलन को बलपूर्वक दबाने के उद्देश्य उत्तर प्रदेश सरकार/गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा तमाम नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में जनपद के जनमानस में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसान आंदोलन के समर्थन में मजदूर संगठन भी एकजुट होकर 12 दिसंबर 2024 को दोपहर 12.00 बजे डीएम कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर विशाल प्रदर्शन कर किसानों की तुरंत रिहाई की मांग करेंगे। आज 10 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी द्वारा जिला कलेक्ट्रेट में आहुत श्रम बंधु की बैठक के बाद ट्रेड यूनियन नेताओं ने किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए 12 दिसंबर 2024 को दोपहर 12.00 बजे प्रदर्शन करने का नोटिस जिला प्रशासन को थमा दिया। इंटक नेता संतोष तिवारी, एचएमएस नेता आरपी सिंह चौहान, एक्टू नेता अमर सिंह, यूटीयूसी नेता सुधीर त्यागी, एटक नेता मोहम्मद नईम, यूटीसी नेता उदय चंद्र, सीटू नेता राम स्वारथ आदि ने कहा कि यदि किसानों की तुरंत रिहाई कर उनकी समस्याओं/मांगों का समाधान नहीं किया गया तो ट्रेड यूनियनें मजदूरों को लामबंद कर किसानों के आंदोलन के सम्बंध में बड़ा आंदोलन शुरू कर देंगे जिसकी शुरुआत 12 दिसंबर से हो जाएगी। वही मानवाधिकार दिवस पर सेक्टर- 8, नोएडा पर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गौतम बुद्ध नगर कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन कर किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की जनवादी महिला समिति गौतम बुध नगर कमेटी द्वारा कड़ी आलोचना करते हुए तुरंत रिहाई की मांग की। जनवादी महिला समिति दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव आशा शर्मा, जिला प्रभारी आशा यादव, जिला अध्यक्ष रेखा चौहान, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी, जिला कमेटी सदस्य कुसुम, सलमा, मेहंदी, पूनम आदि नेताओं ने कहा कि हमारा संगठन 12 दिसंबर 2024 को जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन में बढ़कर हिस्सा लेगा।

# नोएडा के सीईओ ने किया सेक्टर-62, 63 व एनएच-9 जंक्शन का निरीक्षण

नोएडा । नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 तथा सेक्टर-62 व 63 जंक्शन पर जाम से निजात दिलाने के लिए फुटओवर ब्रिज व सड़क के चौड़ीकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ का निर्माण करने के लिए खाली स्थान की लेवलिंग कर बांये मुड़ने का एलाइनमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने मंगलवार को सेक्टर-62, 63 व एनएच-9 जंक्शन का निरीक्षण किया। उनके साथ ओएसडी महेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक (नोएडा ट्रैफिक सेल व जनस्वास्थ्य) एपी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (जन स्वास्थ्य खंड-1) गौरव बंसल, खंड-2 के प्रभारी आर.के. शर्मा तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के बाद सीईओ ने मैट्रो रेल के समीप खाली भूमि में पार्किंग के निर्माण के साथ-साथ क्योस्क का भी निर्माण करने के निर्देश दिये गये। एन0एच0-9 के साथ-साथ सैक्टर-63 के मार्ग का छिजारसी तक चौड़ीकरण करने के निर्देश दिये गये। एन0एच0-9 से छिजारसी प्रवेश मार्ग जंक्शन के आस-पास के क्षेत्र का विस्तृत सर्व कर नियोजन / प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये ताकि उक्त जंक्शन पर ट्रैफिक जाम की समस्या का निवारण हो सके। ग्रीन बेल्ट को विकसित करने के निर्देश उन्होंने सैक्टर-62 में एन0एच0-9 के साथ-साथ स्थित ग्रीन बेल्ट में हो रहे अतिक्रमण झुग्गी-झोपड़ी आदि को तत्काल हटाने के निर्देश दिये गये। एन0एच0-9 के समानान्तर ग्रीन बेल्ट को विकसित करने के निर्देश दिये गये। सैक्टर-62 व 63 के फटपाथ की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये गये। सैक्टर-57 व 58 चौराहे पर निर्मित वाटर फाउंडेशन खराब है, जिसकी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। नौएडा क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर थर्मोप्लास्टिक पेंट व जेबरा क्रांसिंग का कार्य प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिये गये। सड़कों पर हो रही अवैध पाकिंग को लेकर दिए निर्देश सड़कों पर हो रही अवैध पाकिंग का सर्वे समस्त वर्क सकिल द्वारा करा कर रिपोर्ट दस दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। सेक्टर-57 व 22 के चौराहे पर कर्व स्टोन गिरे हुए पाये गये उनकी तत्काल मरम्मत कराने एवं किनारे के कर्व स्टोन को हटाते हुए लेवल करने के निर्देश दिये गये। सैक्टर-62 में खोड़ा के आस-पास कुछ स्थानों पर गंदगी पाई गई, जिसकी तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिये गये। सैक्टर-62 एवं खोड़ा के मध्य मार्ग पर सैक्टर-62 की ओर सडक के किनारे पर काफी चौड़ाई में कच्चा भाग है जो सडक की टॉप लेवल से काफी नीचा है उसे ठीक कराने एवं के0सी0 ड्रेन बनाने के निर्देश दिये गये एवं सैक्टर-62 की ओर का फुटपाथ भी क्षतिग्रस्त है उसकी मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये।

# अन्तर्राज्यीय दुपहिया वाहन चोर गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, 14 मोटर साइकिल व असलहा बरामद



नोएडा । नोएडा पुलिस ने आज अन्तर्राज्यीय दुपहिया वाहन चोर गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के अन्य बदमाशों की पुलिस तलाश कर रही है। बंदी बनाये गए अभियुक्तों के कब्जे से थाना फेस-3 पुलिस ने 14 मोटरसाइकिल, देसी तमंचा, चाकू, 7 फर्जी नंबर प्लेट आदि बरामद किया है। इनका एक साथी फरार है। इन बदमाशों के खिलाफ एनसीआर के विभिन्न थानों में 22 मुकदमें दर्ज है। पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना फेस-3 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर सेक्टर-71 के पास से अन्तर्राज्यीय दुपहिया वाहन चोर गिरोह मोहित पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम हरौला नोएडा तथा अजय पुत्र राजेश सिंह निवासी सेक्टर-67 को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की गई 14 मोटर साइकिल, एक चाकू, एक देसी तमंचा और 7 फर्जी नंबर प्लेट बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इनका एक साथी मौके से भाग गया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करने में माहिर है। अभियुक्तों द्वारा अन्य राज्यों हरियाणा, उत्तराखण्ड, दिल्ली व यूपी में भी वाहन चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार के खिलाफ उच्चायोग के निकट प्रदर्शन






नई दिल्ली । बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्च आयोग के निकट तीन मूर्ति चौक पर बड़ी संख्या में दिल्ली सिविल सोसाइटी तथा 200 से अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के बैनर तले आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समाज के कई प्रतिष्ठित संतों और ख्याति प्राप्त हस्तियों, पूर्व पुलिस एवं सैन्य अधिकारियों ने भारत सरकार से हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की और बांग्लादेश को इस मुद्दे पर चेताया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में साध्वी ऋतंभरा, पूर्व पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव, बांग्लादेश में पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी, पत्रकार अशोक चव्हाणके, पश्चिम बंगाल के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय और और विभिन्न मत पंथ संप्रदायों के साधु-संतों ने भाग लिया। विरोध मार्च में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने 'हिन्दुओं का नरसंहार बंद करो', 'नहीं सहेंगे अब अत्याचार बांग्लादेश कर ले विचार' जैसे नारे लगाए। वहां मौजूद लोगों ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग तथा एमनेस्टी इंटरनेशनल से भी हिंदुओं पर हो रहे हैं अत्याचारों पर मौन धारण करने पर सवाल खड़े किए। विभिन्न संस्थाओं के बैनर तले हजारों की संख्या में लोग त्रिमूर्ति चौक पर एकत्र हुए। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि गृह युद्ध की स्थिति होने पर सबसे ज्यादा मार साधु-संतों और महिलाओं को झेलनी पड़ती है। बांग्लादेश में साधु-संतों जैसे चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी महाराज को जेल में डाला जा रहा है। महिलाओं को सामूहिक बलात्कार जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इस दौरान मानवाधिकार के लिए काम करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि छोटे-छोटे विषयों को उठाने वाली यह संस्थाएं आज हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर चुप क्यों हैं। इस दौरान बौद्ध संत भंते राहुल ने बांग्लादेश में बौद्ध संतों और समाज पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया। राज्यसभा सांसद एवं कोलकाता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस दौरान कहा कि बांग्लादेश में अप्रत्याशित ढंग से हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है और वह बांग्लादेश के कट्टरपंथियों को इस संदर्भ में चेतावनी देते हैं। बांग्लादेश में भारत की पूर्व उच्चायुक्त वीना सीकरी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के लिए कट्टरपंथियों को दोषी ठहरना ही काफी नहीं होगा। बांग्लादेश सरकार को चला रहे मोहम्मद यूनुस को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। केवल कट्टरपंथियों को दोषी ठहराने से बांग्लादेश सरकार अपनी जिम्मदारी से नहीं भाग सकती।

# गाड़ी में संदिग्ध हालात में मिला छात्र का शव, हत्या की आशंका

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क क्षेत्र में एक थार गाड़ी के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान हर्ष शर्मा के रूप में हुई, जो दिल्ली का निवासी था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के परिजनों ने इस मामले को हत्या बताया है। परिजनों का आरोप है कि हर्ष की हत्या की गई है, लेकिन अभी तक पुलिस ने उनकी शिकायत पर कोई मामला दर्ज नहीं किया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस के मुताबिक, तीन दिसंबर की रात नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के शारदा पुश्ता के पास एक थार गाड़ी में हर्ष अचेत अवस्था में पाया गया। गाड़ी अंदर से लॉक थी। युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन रिपोर्ट में मृत्यु का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया। पुलिस ने विसरा प्रिजर्व कर लिया है और अन्य आवश्यक जांच प्रक्रियाएं जारी हैं। पुलिस द्वारा शारदा यूनिवर्सिटी से जानकारी ली गई, जिसमें पता चला कि हर्ष यूनिवर्सिटी का छात्र नहीं था। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने बताया कि हर्ष की गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले ही दर्ज की गई थी। नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सभी संभावित बिंदुओं पर गहनता से जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे के कारण और परिस्थितियों को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

# नकली प्रोटीन बनाने वाली एक फैक्टरी का भंडाफोड, तीन लोग गिरफ्तार



नोएडा । नोएडा के सेक्टर-63 स्थित जी ब्लॉक में असली के नाम पर नकली प्रोटीन (फूड सप्लीमेंट) बनाने की कंपनी चल रही थी। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने कंपनी पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से भारी मात्रा में नकली नकली प्रोटीन (फूड सप्लीमेंट) बरामद किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़े गए आरोपी नकली फूड सप्लीमेंट को एनसीआर की विभिन्न दुकानों और जिम संचालकों को असली बताकर सप्लाई करते थे। आरोपी अब तक लाखों रुपये का फूड सप्लीमेंट सप्लाई कर चुके हैं। गाजियाबाद के रहने वाले हैं तीनों आरोपी सेन्ट्रल नोएडा डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर-63 पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के सेक्टर-63 के जी-ब्लॉक स्थित एक कंपनी में नकली प्रोटीन (फूड सप्लीमेंट) बनाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां छापेमारी की। पुलिस ने मौके से साहिल यादव पुत्र मुकेश यादव निवासी इंदिरापुरम गाजियाबाद, हर्ष अग्रवाल पुत्र प्रमोद अग्रवाल निवासी इंदिरापुरम गाजियाबाद और अमित चौबे पुत्र सुरेश चौबे निवासी साहिबाबाद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 35 प्रोटीन के डिब्बे, 2050 छोटे कैप्सूल के डिब्बे, 10 पैकेट खाली रैपर, 5500 खाली डिब्बे, 10 बोरी पाउडर, एक नीले रंग का छोटा ड्रम, पैकिंग मशीन, प्रिंटिंग मशीन, तीन मुहर आदि बरामद किए हैं। पुलिस ने बरामद सामानों को कब्जे में लिया है। नामी कंपनियों के रैपर का करते थे उपयोग डीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी लंबे समय से नकली प्रोटीन बनाकर एनसीआर में लोगों को सप्लाई कर रहे थे। ये लोग कई नामी कंपनियों के नाम पर नकली सामान बनाकर लोगों को सप्लाई करते थे। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। जांच में पुलिस को पता चला कि ये लोग दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में नकली प्रोटीन बनाकर विभिन्न दुकानों और जिम में काम करने वाले लोगों के जरिए बेचते थे। टीम ने सैंपल लेकर उनकी जांच की। पता चला कि डिब्बे में मात्रा लिखी थी। पाउडर में ऐसा कुछ नहीं था जो इस तरह भरा जा रहा था। यह पूरी तरह से नकली था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कड़ी पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे बेहद कम कीमत पर नकली फूड सप्लीमेंट तैयार कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए 5 गुना कीमत पर बेचते थे। 1 दिसंबर को खोली थी कंपनी गिरफ्तार साहिल यादव वर्ष 2017-2018 में हरियाणा में फूड सप्लीमेंट बनाने वाली कंपनी एडवांस न्यूट्रा टेक में काम कर चुका है। वहां से काम सीखने के बाद साहिल ने 1 दिसंबर 2024 को जी-86 में रॉरेंज के नाम से अपनी कंपनी बनाई। इसमें उसने हर्ष को अपना पार्टनर और अमित को कंपनी में मैनेजर बनाया। तीनों नकली फूड सप्लीमेंट के डिब्बे तैयार कर उन पर अपनी कंपनी का रैपर लगाकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचते थे। ऑर्डर मिलने के बाद वे इन फूड सप्लीमेंट को कूरियर के जरिए 3500 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सप्लाई करते थे। तीन राज्यों में होती थी सप्लाई डीसीपी ने बताया कि ये लोग अलग-अलग जगहों से घटिया और सस्ता माल खरीदते थे। इनकी कंपनी उसे प्रोसेस करके पाउडर बनाकर डिब्बों में भर देती थी। फिर उस माल से कम कीमत पर नकली फूड सप्लीमेंट के डिब्बे तैयार कर देते थे। उस पर अपनी कंपनी का रैपर लगा देते थे। तैयार माल को असली बताकर 4 से 5 गुना कीमत वसूलकर नोएडा, दिल्ली, हरियाणा और अन्य जगहों पर सप्लाई कर देते थे।

असली और नकली प्रोटीन सप्लीमेंट में फर्क 1.जब आप असली प्रोटीन का सेवन करते हैं, तो इसका स्वाद पता नहीं चलता। वहीं, अगर आप नकली प्रोटीन का सेवन करते हैं, तो ऐसा लगेगा कि इसमें चीनी मिलाई गई है। 2.असली और नकली प्रोटीन की पहचान करने के लिए 300रू पानी में एक चम्मच पाउडर मिलाएं। अगर पाउडर अच्छे से घुल जाता है, तो इसमें कोई मिलावट नहीं है। वहीं, अगर इसके क्रिस्टल पानी में नहीं घुल रहे हैं, तो यह नकली हो सकता है।3.कई बार सप्लीमेंट मार्केट में ब्रांड की नकल करके बेचे जाते हैं। इसका पता लगाने के लिए ब्रांड की स्पेलिंग और लेबल को ध्यान से देखें। इसके अलावा, आप बॉक्स पर लगे बारकोड को स्कैन करके भी जांच सकते हैं। 4. प्रोटीन सप्लीमेंट खरीदते समय LOT नंबर जरूर चेक करें। अगर आपको इसकी संरचना में कोई गड़बड़ी दिखे, तो समझ लें कि यह नकली है। 5.कोई भी प्रोडक्ट खरीदने से पहले उसकी सील और होलोग्राम को ठीक से चेक जरूर करें। 6.इसके अलावा, बिना किसी विशेषज्ञ या डॉक्टर की सलाह के इनका सेवन करने से बचें। प्रोटीन या किसी भी तरह के सप्लीमेंट का ओवरडोज शरीर के लिए बहुत नुकसानदायक होता है। इससे बचने के लिए डॉक्टर से इसकी खुराक के बारे में जरूर पूछें।

# बच्चों के विकास में अहम कड़ी है डीयूडबल्यूए (डुआ) का प्ले स्कूल- प्रो. योगेश सिंह



नई दिल्ली । दिल्ली यूनिवर्सिटी वुमन्स एसोसिएशन का डायमंड जुबली समारोह मंगलवार को धूमधाम से आयोजित हुआ। छात्र मार्ग स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के डीयूडबल्यूए (डुआ) परिसर में आयोजित इस समारोह में डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कुलपति ने अपने उद्घाटन संबोधन में डीयूडबल्यूए (डुआ) के 60 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस संस्था की स्थापना बहुत ही अच्छे भाव से और अच्छे मन से हुई, इसलिए अच्छे-अच्छे काम किए जा रहे हैं। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि डीयूडबल्यूए (डुआ) द्वारा चलाया जा रहा प्ले स्कूल बहुत ही सराहनीय कदम है। यह स्कूल बच्चों के विकास में अहम कड़ी का काम करता है। कुलपति ने कहा कि आज शिक्षा में अच्छे मन बनाने पर काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 5-7 साल के छोटे बच्चों के मन बनाने पर न घर में काम होता है और न स्कूलों में। यही कारण है कि जब 20-22 साल की उम्र में वह बच्चा व्यावहारिक जीवन में उतरता है तो उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिक्षकों को इस पर काम करना चाहिए। शिक्षकों से गहराई और समझदारी की अपेक्षा की जाती है। कुलपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे का उदाहरण देते हुए कहा कि ये वाक्य छोटा है पर इसका प्रभाव बहुत ज्यादा है। बेटियों से ही समाज का विकास होता है। प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी बेटियों के लिए सम्मान प्रकट करते हुए प्रत्येक कक्षा में सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए एक-एक सीट का आरक्षण किया है। कुलपति ने आश्वासन दिया कि बेटियों के लिए डुआ अगर कोई कार्य करना चाहती है तो दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से हरसंभव मदद दी जाएगी। इस अवसर पर डुआ प्ले स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने मुंशी प्रेमचंद की कहानी ईदगाह के एक हिस्से पर आधारित हामिद का चिमटा नामक स्कीट की प्रस्तुत देकर सबका मन मोह लिया। इसके साथ ही डुआ से जुड़ी महिलाओं ने भी अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह के आरंभ में डीयूडबल्यूए (डुआ) अध्यक्ष प्रो. गीता सहारे ने कुलपति एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के समापन पर डीयूडबल्यूए (डुआ) सचिव डॉ. रितुश्री कुकरेती ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डुआ से जुड़ी अनेकों महिलाएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# राहुल दिल्ली के लोगों के लिए करेंगे न्याय चौपाल



नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को यहां प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली के लोगों के लिए न्याय चौपाल लगाएंगे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली में एक माह से न्याय यात्रा कर रहे हैं, ताकि दिल्ली के लोगों के साथ न्याय किया जा सके। पार्टी बुधवार को यहां इंदिरा गांधी एरेना स्टेडियम में न्याय चौपाल कर रही है और श्री गांधी अपराह्न एक बजे इस चौपाल में शामिल होंगे। श्री यादव ने कहा, आठ नवंबर से शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा की आपार सफलता के बाद जननायक राहुल गांधी जी सभी न्याय यात्रियों एवं दिल्ली के लोगों के साथ न्याय चौपाल करने आ रहे हैं। आप इस न्याय चौपाल में सादर आमंत्रित हैं। साथ आएं-बदलाव लाएं क्योंकि दिल्ली अब और नहीं सहेगी।

# हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही कल तक स्थगित

नई दिल्ली । संसद का उच्च सदन कहे जाने वाली राज्यसभा में मंगलवार को हंगामे के कारण कोई कामकाज नहीं हो सका और सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह में इसी कारण से कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनटों में स्थगित कर दी गई थी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही शुरू होने पर भी सत्ता और विपक्ष दोनों के सदस्य हंगामा करने लगे। शोर शराबे में कुछ भी सुना नहीं जा रहा था। इस बीच सदन के नेता जे पी नड्डा ने कहा कि मीडिया में देश के कुछ ही राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेता और जार्ज सोरोस को लेकर रिपोर्ट आई है। साठगांठ को लेकर मीडिया में आ रही रिपोर्टों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया जा रहा है। इसी बीच हंगामा बढ़ने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह में विधायी कामकाज शुरू होते ही सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के कुछ सदस्यों के शोर शराबे के कारण सभापति को सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनटों बाद 12.00 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। इसके कारण इस सप्ताह लगातार दूसरे दिन कोई कामकाज नहीं हो सका।

# दिग्गज राजनेता एसएम कृष्णा का निधन



बेंगलुरु । कर्नाटक और भारत के सबसे प्रतिष्ठित राजनेताओं में से एक और पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आधुनिक बेंगलुरु के वास्तुकार माने जाने वाले कृष्णा ने कुछ समय तक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद आज सुबह 2:45 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। भारतीय राजनीति में एक महान व्यक्तित्व, कृष्णा का शानदार करियर दशकों तक रहा, जो ऐतिहासिक उपलब्धियों और शासन के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण को चिह्नित करता है। उनका जन्म एत मई, 1932 को मांड्या जिले के सोमनहल्ली गांव में हुआ। उन्होंने 1962 में मद्दूर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले एक स्वतंत्र विधायक के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल (1999-2004) अभूतपूर्व वृद्धि एवं विकास के युग की शुरुआत के लिए याद किया जाता है। उनके नेतृत्व के दौरान बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली के रूप में उभरा, जिसने प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के केंद्र के रूप में वैश्विक पहचान प्राप्त की। कृष्णा का योगदान कर्नाटक तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि उन्होंने महाराष्ट्र के राज्यपाल (2004-2008) और भारत के विदेश मंत्री (2009-2012) के रूप में कार्य किया, जहां उनके राजनयिक कौशल ने भारत को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया। वह दिल से शिक्षाविद और मैसूर के महाराजा कॉलेज और बेंगलुरु के गवर्नमेंट लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र थे। ज्ञान की उनकी खोज उन्हें अमेरिका ले गई, जहां उन्होंने दक्षिणी मेथोडिस्ट विश्वविद्यालय, टेक्सास और जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त की। कृष्णा अपने राजनीतिक करियर में लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के सदस्य रहे और अपने करियर के अंत में उनका भाजपा में शामिल होने का निर्णय पार्टी लाइनों से ऊपर उठकर सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी अनुकूलनशीलता एवं प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। कृष्णा एक दूरदर्शी नेता थे और उनकी विरासत प्रगति के प्रति उनके अटूट समर्पण में निहित है, चाहे वह शासन, शहरी विकास या विदेश नीति हो। उनका निधन कर्नाटक के राजनीतिक इतिहास में एक युग का अंत है, जिसने राज्य और राष्ट्र पर एक अमिट छाप छोड़ी। एसएम कृष्णा को पूरे देश से श्रद्धांजलि मिल रही है, उन्हें एक ऐसे राजनेता के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने ज्ञान को कार्रवाई के साथ जोड़ा, कर्नाटक को आधुनिक बनाया और नेताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया।

# मप्र के मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के शुभारंभ के लिए किया आमंत्रित



नई दिल्ली । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संसद भवन में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात उन्होंने प्रदेश में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के शुभारंभ और केन बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमिपूजन के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकारों को बताया कि मध्यप्रदेश सरकार अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान की शुरुआत करने जा रही है, जो 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवा, नारी, किसान और गरीब कल्याण की चिन्हित योजनाओं के माध्यम से शत प्रतिशत सैचुरेशन का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 11 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024 के बीच मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व आयोजित किया जाएगा जो प्रदेश के समग्र विकास और जनहित पर आधारित होगा।

# दिल्ली में हुई भाजपा मध्यप्रदेश संसदीय दल की बैठक

नई दिल्ली । मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई, जिसमें प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर जनकल्याण पर्व को लेकर चर्चा हुई। कल देर शाम हुई इस बैठक को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर 11 से 26 दिसंबर तक चलने वाले जनकल्याण पर्व के कार्यक्रमों की जानकारी दी। पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वीरेन्द्र कुमार, दुर्गादास उईके, जार्ज कुरियन, एल. मुरुगन एवं श्रीमती सावित्री ठाकुर भी इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मध्यप्रदेश भाजपा के लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संवाददाताओं को बताया कि मध्यप्रदेश संसदीय दल की बैठक में आने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई। राज्य सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। आने वाले समय में दो तरह के कार्यक्रम प्रारंभ होने वाले हैं। 11 दिसंबर से 26 दिसंबर तक जनकल्याण पर्व होगा जिसमें जनहितैषी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दूसरा आयोजन हर घर जनसंपर्क कार्यक्रम का होगा जो 26 जनवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा सहित सभी केंद्रीय मंत्री और सांसदों ने बैठक में सहभागिता की और वे प्रदेश के लिए विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# उत्तर प्रदेश के संभल में 13 घरों की हुई तलाशी, 19 पुड़िया स्मैक और अवैध तमंचा बरामद



संभल । उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के पास के घरों में सोमवार को दबिश दी। पुलिस ने 13 घरों की तलाशी ली। तीन घरों में तमंचे समेत संदिग्ध सामान बरामद हुए। पुलिस ने सारा सामान सील कर दिया है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण बिश्नोई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो थाने की फोर्स और आरएफ, आरआरएफ और पीएसी की टोली बनाकर 13 घरों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें तीन घरों में संदिग्ध चीजें मिली हैं। मुल्ला आसिफ के घर से 93 पुड़िया स्मैक मिली है। वहीं, तासवर और नैवर नाम के युवक के घर से 315 बोर का तमंचा मिला। इन तीन घरों में जो भी लोग मौजूद थे, उन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा चेकिंग के दौरान तीन दर्जन बाइक के चालान काटे गए और चार बाइक को सीज किया गया है। संभल में अब तक 39 उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। हिंसा में लिप्त लोगों की धर-पकड़ जारी है। जिनके चेहरे सामने आए हैं और नाम जानना बाकी है। उन सब की गिरफ्तारी की जाएगी। बता दें कि संभल की जामा मस्जिद का कोर्ट के आदेश पर 19 नवंबर को पहला सर्वे हुआ था। हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि जामा मस्जिद मुगल शासक बाबर के समय श्रीहरिहर मंदिर था। बाबर ने उसे तुड़वाकर मस्जिद में बदल दिया। 24 नवंबर की सुबह करीब 7.30 बजे सर्वे टीम दोबारा मस्जिद पहुंची। सुबह 6 बजे से ही जामा मस्जिद पर पुलिस तैनात थी। इलाके में भारी फोर्स को देखते हुए मुस्लिम कम्युनिटी में हलचल शुरू हो गई। पूरे शहर में अफवाह फैलने लगी कि आज मस्जिद पर कुछ होने वाला है। वॉट्सएप ग्रुप्स में मैसेज वायरल होने लगे। धीरे-धीरे शहर के दूसरे हिस्सों में रहने वाले लोग भी जामा मस्जिद के आसपास जुटने लगे। भीड़ बढ़ी तो पुलिस और भीड़ के बीच झड़प शुरू हो गई थी। बवाल इतना बढ़ा कि पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई। इस बवाल के दौरान ही चार लोगों की जान चली गई। अब इस उपद्रव के वीडियो और फोटो के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# फरीदाबाद में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद । नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस चौकी सेक्टर-3 ने पोक्सो एक्ट की धाराओं के अंतर्गत गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पुलिस चौकी सेक्टर-3 में नाबालिक लडकी की मां ने एक लिखित शिकायत दी जिसमें अपनी नाबालिक लड़की के साथ एक व्यक्ति द्वारा गलत हरकत करने बारे आरोप लगाए है। जिस पर थाना सेक्टर-8 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चौकी सेक्टर 3 की टीम ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को सेक्टर-3 एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी हलवाई का काम करता है। पुलिस पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा ।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना कलेक्ट्रेट के नए भवन का उद्घाटन किया





पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनिर्मित 'पटना कलेक्ट्रेट' (जिला समाहरणालय) के बहुमंजिला आधुनिक भवन का मंगलवार को उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद इस बहुमंजिला आधुनिक भवन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस विषय से परिचित लोगों ने बताया कि पुराने 'कलेक्ट्रेट' के अब ध्वस्त हो चुके डचकालीन रिकॉर्ड रूम के अग्रभाग को सुशोभित करने वाले आठ स्तंभों को संरक्षित किया गया है और नए परिसर में एक प्लाजा में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। नये परिसर में तीन ऊंची इमारतें हैं, जिनमें भूतल और 'बेसमेंट पार्किंग' की सुविधा है। इसे डच और ब्रिटिश काल की विरासत वाली इमारतों को ध्वस्त कर पुनर्विकास परियोजना के तहत बनाया गया है। यहां पुराने कलेक्ट्रेट था। नए परिसर में एक ही छत के नीचे 39 प्रशासनिक विभागों के कार्यालय होंगे। सूत्र ने कहा, 'उद्घाटन के बाद विभिन्न कार्यालय अपने अस्थायी स्थलों से स्थानांतरित किये जाने लगेंगे।' दस एकड़ में फैला यह विशाल परिसर शहर के बीचों-बीच गंगा के किनारे स्थित है और ऐतिहासिक एवं इसी नाम से प्रसिद्ध कलेक्ट्रेट घाट के सामने है। इस परिसर के मुख्य खंड के पूर्वी और पश्चिमी किनारों पर दो खंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पूर्वी खंड में जिला बोर्ड, पटना का कार्यालय होगा, जबकि पश्चिमी खंड में एसडीओ और उपविकास आयुक्त के कार्यालय होंगे। पुरानी इमारत को ध्वस्त किये जाने से पहले, राजस्व रिकॉर्ड डचकालीन रिकॉर्ड रूम में रखे गए थे और बाद में उन्हें गांधी मैदान के पास एक पुरानी इमारत में स्थानांतरित कर दिया गया था। रजिस्ट्री विभाग से जुड़े अभिलेख विभाग के लिए अलग से समर्पित भवन में रखे गए थे। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने 14 अक्टूबर और 19 अक्टूबर को निर्माण स्थल का निरीक्षण किया था और संबंधित अधिकारियों को अक्टूबर के अंत तक काम पूरा करने का निर्देश दिया था। नीतीश कुमार सरकार द्वारा इस नए परिसर के लिए पटना कलेक्ट्रेट को ध्वस्त करने का प्रस्ताव 2016 में रखे जाने पर भारत में तत्कालीन डच राजदूत अल्फोंसस स्टोलिंगा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे ऐतिहासिक पटना कलेक्ट्रेट को 'साझा विरासत' के रूप में संरक्षित करने और इसे राज्य पुरातत्व विभाग के तहत सूचीबद्ध करने की अपील की थी। विरासत निकाय 'इनटेक' ने 2019 में इस मामले को पटना उच्च न्यायालय और अंततः 2020 में सर्वोच्च न्यायालय में ले जाकर अधिकारियों को एक अलग स्थान पर नया कलेक्ट्रेट बनाने का सुझाव दिया था। इनटेक की याचिका पर शीर्ष अदालत ने 18 सितंबर, 2020 को पुराने कलेक्ट्रेट के विध्वंस पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जिससे विरासत प्रेमियों को कुछ राहत मिली थी। हालांकि, उनकी यह खुशी ज़्यादा दिन नहीं टिकी क्योंकि 13 मई, 2022 को शीर्ष अदालत की एक खंडपीठ ने संरक्षण की याचिका को खारिज कर दिया, जिससे इसके विध्वंस का रास्ता साफ हो गया और 1938 में बनी जिला बोर्ड, पटना की इमारत को ध्वस्त करने की शुरुआत हो गई। रिचर्ड एटनबरो द्वारा निर्देशित ऑस्कर विजेता फिल्म 'गांधी' (1982) के कुछ प्रमुख दृश्य पुराने पटना कलेक्ट्रेट परिसर में फिल्माए गए थे, जिसमें रिकॉर्ड रूम और ब्रिटिश काल की 'डीएम ऑफिस बिल्डिंग' दिखाई गई थी।

# महाराष्ट्र 'बेस्ट' बस दुर्घटना- मृतक संख्या बढ़कर सात हुई, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुंबई । मुंबई में 'बेस्ट' बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकारी पता लगा रहे हैं कि क्या पट्टे पर लिए गए वाहन में कोई तकनीकी खामी थी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बर्वे मार्ग पर हुई इस दुर्घटना में घायल हुए अन्य 42 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बस चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद बस ने पैदल यात्रियों और कुछ वाहनों को टक्कर मार दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को इस घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक संदेश में फडणवीस ने मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि घायलों के चिकित्सा पर खर्च को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) और बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन (बेस्ट) उपक्रम द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ''हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।'' उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ितों और उनके परिवारों को शीघ्र सहायता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 'बेस्ट' उपक्रम की बस पैदल यात्रियों और वाहनों को कुचलने के बाद बुद्ध कॉलोनी नामक आवासीय सोसाइटी में घुस गई और रुक गई। सोमवार को इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। बीएमसी के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मृतक संख्या बढ़कर सात हो गई है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद कुल 49 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने बताया कि इनमें से 35 लोगों को कुर्ला के सरकारी भाभा अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने बताया कि दो की पहले की मौत हो चुकी है। दो अन्य को अस्पताल में भर्ती होने के बाद मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घायलों में से तीन को निकटवर्ती निजी कोहिनूर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारी के अनुसार अन्य छह घायलों को निजी हबीब अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया जबकि अन्य का इलाज हो रहा है। इस दुर्घटना में चार पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। उन्हें सरकारी सेवन हिल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत स्थिर है। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा 35 वर्षीय एक व्यक्ति को कुर्ला के निजी सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद बस चालक संजय मोरे को हिरासत में ले कर उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह जांचने के लिए कि क्या वह शराब के नशे में थे, उसके रक्त के नमूने भी एकत्र किए गए। दुर्घटना के पांच घंटे से अधिक समय बाद मीडिया के साथ इसका विवरण साझा करते हुए 'बेस्ट' ने कहा, ''प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया था।'' 'बेस्ट' के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में बस के अगले हिस्से को भारी नुकसान पहुंचा है और उसकी कुछ खिड़कियों के शीशे भी टूट गए हैं। बस को मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे 'क्रेन' और 'अर्थ मूवर' मशीन' की मदद से मौके से हटाया गया और देर रात एक बजकर 15 मिनट पर कुर्ला डिपो लाया गया। मोटर वाहन निरीक्षकों की एक टीम ने बस की जांच की ताकि पता लगाया जा सके कि उसमें कोई तकनीकी समस्या तो नहीं है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के सूत्रों ने बताया कि ये निरीक्षक अपनी जांच के आधार पर पुलिस को रिपोर्ट सौंपेंगे। एक अधिकारी ने इससे पहले बताया था कि हैदराबाद स्थित 'ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक' द्वारा निर्मित 12 मीटर लंबी इस इलेक्ट्रिक बस को 'बेस्ट' ने पट्टे पर लिया था। दुर्घटना के संबंध में, पट्टे पर देने वाली कंपनी ईवीईवाई ट्रांस और ओलेक्ट्रा से अब तक कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है। इस बीच, मुंबई पुलिस ने कुर्ला स्टेशन को जोड़ने वाले एसजी बर्वे मार्ग को





यातायात के लिए बंद कर दिया है। परिवहन निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि एसजी बर्वे मार्ग को यातायात के लिए बंद किए जाने के कारण बेस्ट कुर्ला स्टेशन तक बसें चलाने के बजाय अन्य निकटवर्ती स्थानों से 10 मार्गों पर बसें चला रही है। बर्वे रोड कुर्ला स्टेशन को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है। बर्वे रोड पर स्थित कुर्ला बस स्टैंड से बड़ी संख्या में यात्री बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और अन्य स्थानों तक पहुंचने के लिए बस लेते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

# 8182 नवसाक्षर उम्रदराज़ो को जिलाधिकारी ने बांटे प्रमाण पत्र



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर - सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नवभारत साक्षरता मिशन के तहत चलाए जा रहे कार्यक्रम उल्लास के अंतर्गत जिले में 353 नवसाक्षर केन्द्र संचालित हो रहे है खास बात ये है कि पहले के मुकाबले वर्तमान समय में पढ़ाई की उम्र पार कर चुके उम्रदराज़ लोगों में खुद को साक्षर बनाने की लगन जगी है ऐसे में सरकार द्वारा संचालित केंद्रों पर पहुचकर असाक्षर लोग कलम थाम रहे है पढ़ाई के प्रति उम्रदराज़ महिलाओं में तो खासा उत्साह देखने को मिल रहा है वर्ष 2023 में दो चरणों में हुई परीक्षा में कुल 9847 अभ्यर्थियों ने नवभारत साक्षरता की परीक्षा दी थी जिसमें से 8,182 अभ्यर्थियों ने परीक्षा पास की आज इन नवसाक्षर अभ्यर्थियों की हौसला अफजाई के लिए खुद बुलंदशहर के जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने इनके प्रमाण पत्र वितरित किए डाइट परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय , डीसी हेमेंद्र मिश्रा और नवसाक्षर मिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित हो चुकी डॉ प्रतिभा शर्मा , बीईओ कुसुम , डाइट प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार उपाध्याय , डॉ ललित यादव सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे

# दौसा - 160 फीट गहरे बोरवेल में गिरा मासूम, बीते 18 घंटे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



दौसा । राजस्थान के दौसा जिले के कालीखाड गांव में बोरवेल में गिरे बच्चे को सकुशल निकालने के लिए मंगलवार को भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू टीम ने कहा कि हम बच्चे को निकालने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, सोमवार (10 दिसंबर) को दोपहर बाद करीब 3.30 बजे आर्यन नाम का लड़का खेलते समय बोरवेल में गिर गया था। तभी से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बोरवेल के बगल में एक गड्ढा खोदा जा रहा है। मासूम 160 फीट गहरे बोरवेल में करीब 150 फीट पर अटका हुआ है। बोरवेल के समीप खुदाई कर बच्चे तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। करीब 10 जेसीबी और ट्रैक्टर से तेजी से मिट्टी निकाली जा रही है। इसके लिए तीन एलएनटी मशीन है और करीब 10 जेसीबी 20 ट्रैक्टर जुटे हुए हैं। एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन को सफल करने के लिए लोहे की रिंग नुमा रोड डालकर बोरवेल से सीधे ही बच्चे को निकालने की कोशिश कर रही है। बच्चा बोरवेल में अधिक अंदर नहीं जाए। इसके लिए नीचे अंब्रेला नुमा एक इक्विपमेंट लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक, जगदीश मीणा की पत्नी खेत में बनी टंकी पर नहा रही थी। इसी दौरान आर्यन वहां खेल रहा था। तभी वो अचानक से बोरवेल में गिर गया। इसके बाद शोर मचाकर मां ने आसपास के लोगों और पुलिस को इस घटना के बारे में सूचित किया। इसके बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मौके पर जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार, लालसोट एएसपी दिनेश अग्रवाल, विधायक दीनदयाल बैरवा, एसडीएम यशवंत मीणा, नांगल राजावतान डीएसपी चारुल गुप्ता, थाना प्रभारी मालीराम सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जिलाधिकारी ने बताया कि बोरवेल में से बालक की गतिविधियां साफ नजर आ रही हैं। परिजनों ने जब बोरवेल के अंदर आवाज दी, तो बच्चे ने भी जवाब दिया।

# 'मिशन शक्ति' कर्मचारियों को वेतन न मिलने पर ओडिशा विधानसभा में हंगामा

भुवनेश्वर । ओडिशा विधानसभा में मंगलवार को बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के सदस्यों ने 'मिशन शक्ति' योजना के तहत करीब 60,000 सहायक महिला कर्मचारियों को कथित तौर पर वेतन न दिए जाने को लेकर सदन के अंदर प्रदर्शन किया। सुबह 10.30 बजे जैसे ही प्रश्नकाल शुरू हुआ बीजद के सदस्य आसन के समक्ष आ गए और महिला सहायक कर्मचारियों के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। ये कर्मचारी (महिला कर्मचारी) सोमवार से विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रही हैं और उनका आरोप है कि उन्हें पिछले छह महीने से वेतन नहीं मिला है। विपक्षी कांग्रेस सदस्य भी बीजद के प्रदर्शन में शामिल हो गए और आंदोलनकारी महिलाओं को अपना समर्थन दिया। सदन में मौजूद विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आरोप लगाया, 'भाजपा सरकार 'मिशन शक्ति' के कर्मचारियों का वेतन रोकने की साजिश कर रही है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। इस योजना में 70 लाख से ज्यादा महिला कर्मचारी हैं।' उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने कहा कि आंदोलनकारी महिलाओं को बहकाया नहीं जाना चाहिए। विधानसभा के बाहर परिदा ने कहा, 'इस मुद्दे पर विधानसभा में चर्चा हो चुकी है। राज्य सरकार महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी।'

# देहरादून में बुजुर्ग की घर में घुसकर हत्या





देहरादून । यहां के बसंत विहार क्षेत्र में एक बुजुर्ग की अज्ञात बदमाशों ने उनके घर में घुसकर कथित तौर पर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात अलकनंदा एनक्लेव के एक मकान से चिल्लाने की आवाज आने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को वॉशरूम में 75 वर्षीय अशोक कुमार गर्ग घायल अवस्था में मिले। उनके पेट पर गहरे जख्मों को देखकर पुलिसकर्मी उन्हें तत्काल निकटवर्ती महंत इंद्रेश अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गर्ग ओएनजीसी से सेवानिवृत्त हुए थे तथा पत्नी के देहांत के बाद से मकान में अकेले रह रहे थे। उनकी दो विवाहित पुत्रियां हैं जो देहरादून से बाहर रहती हैं। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल से फोरेंसिक साक्ष्य एकत्रित कर लिए गए हैं तथा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बारे में पता चलते ही देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने मौके का निरीक्षण किया और अधिकारियों और पड़ोसियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी।